e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 10, अंक 24
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
मंगलवार
24.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जितना अच्छा आप अभ्यास करेंगे लौ उतनी ही उज्जवल होगी!!

ताजा खबरों के लिए देखें


असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### ईडी ने डीसी रामनिवास से सात घंटे की पूछताछ



**रांची** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से सोमवार को लगभग सात घंटे तक पूछताछ की है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम ने साहिबगंज जिले में हुए 1000 करोड़ रुपये के खनन घोटाला मामले में पूछताछ की है। ईडी ने साहिबगंज डीसी को समन जारी कर सोमवार को ईडी कार्यालय उपस्थित होने का निर्देश दिया था। साहेबगंज डीसी सुबह लगभग 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंच गए थे।

### पुलिस और नक्सली के बीच हुई मुठभेड़

**चतरा** : राज्य में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को चतरा-पलामू बार्डर स्थित कुटिल-जोबिया जंगल में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच सीधी मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों ओर से सैकड़ों राउंड गोलियां चली हैं। मिली जानकारी के मुताबिक एसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि चतरा और पलामू जिले की सीमा पर स्थित कुटिल-जोबिया जंगल में नक्सली जमा होकर बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों पर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई को प्रभावी होता देखकर नक्सली जंगल में भाग निकले। वहीं सुरक्षाबल का सर्च अभियान जारी है।

### खूंटी में पीएलएफआई के छह नक्सली गिरफ्तार

**खूंटी** : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के छह उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार उग्रवादियों में सिमडेगा जिले के सावटोली निवासी आनंद सिंह, रनिया थाना के बनिया टोला निवासी जॉनसन बारला, जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर साके टोली निवासी गौतम गोप, लखन गोप और उदित गोप, रनिया थाना क्षेत्र के मरचा बनिया टोली निवासी प्रकाश साहू शामिल हैं। तोरपा थाना में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अमन कुमार ने बताया कि रविवार को उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि रनिया थाना और सिमडेगा जिले के महाबुआंग थाना के सीमावर्ती ग्राम कोटांगेर, मेरोमबीर, गोहारम तथा ओलहान, बेडा ईरंगे में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय नक्सली भ्रमणशील हैं और किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देनेवाले हैं।

### प्रधानमंत्री आज राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के साथ करेंगे बातचीत

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को शाम चार बजे अपने आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत सरकार नवाचार, समाज सेवा, शैक्षिक, खेल, कला एवं संस्कृति और वीरता की छह श्रेणियों में बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करती है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है। इस वर्ष बाल शक्ति पुरस्कार की विभिन्न श्रेणियों के तहत देश भर से 11 बच्चों को पीएमआरबीपी-2023 के लिए चुना गया है। पुरस्कार पाने वालों में 11 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के 6 लड़के और 5 लड़कियां शामिल हैं।

## जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत सीएम पहुंचे सिमडेगा

# जन-जन तक पहुंच रही हमारी सरकार : हेमंत



**सीएम ने कहा**

- आदिवासी-मूलवासियों को उनका हक और अधिकार दे रही सरकार
- पूरी ईमानदारी से काम करें ताकि राज्य का समग्र विकास हो सके
- झारखंड अलग राज्य आंदोलन के शहीदों के सपनों के अनुरूप झारखंड का नव निर्माण कर रहे हैं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : जल, जंगल और जमीन झारखंड की पहचान है। यह इस राज्य की अस्मिता से जुड़ा है। ऐसे में सरकार इसे बचाने के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत सिमडेगा में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि जल जंगल और जमीन के बीच सामंजस्य बैठाते हुए सतत विकास की ओर आगे बढ़े। हमारी सरकार इसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा हमने झारखंड अलग राज्य निर्माण के लिए लंबा संघर्ष किया है। इस आंदोलन में कई आंदोलनकारियों ने अपनी शहादत दी । आज हम अपने शहीदों के सपनों के अनुरूप झारखंड के नव निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस कड़ी में 1932 का खतियान को हमने विधानसभा से पारित किया तो उसका पूरे राज्य वासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। हमारी कोशिश यही है कि यहां के लोगों को उनका पूरा हक और अधिकार दें। इस सिलसिले में सरकार जो भी जरूरी कदम होगी उसे उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं कागजों और फाइलों पर सिमटी ना रहे । इसके लिए हम जिला भ्रमण कार्यक्रम पर निकले हैं , ताकि योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी ले सके। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले, इस पर सरकार विशेष जोर दे रही है। इसी कड़ी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मार्फत आपके दरवाजे पर जाकर ना सिर्फ आपकी समस्याओं का समाधान किया गया बल्कि योजनाओं से भी जोड़ने का काम हुआ । यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### किसानों और मजदूरों के हित में चल रही है कई योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम सरकार कर रही है। इस सिलसिले में किसानों और मजदूरों के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है, ताकि उन्हें सशक्त बनाने के साथ अपने ही घर में रोजगार उपलब्ध करा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कोरोना काल में प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाने के साथ रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य सरकार ने किया। वहीं, कम बारिश की वजह से राज्य में जो सूखे की स्थिति उत्पन्न हुई उसमें किसानों को राहत देने के लिए प्रति किसान 3500 रुपए दिए गए।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी , गुमला विधायक भूषण तिर्की, उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती आर रॉनीटा, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा श्री सौरभ उपस्थित रहे।

### सरकार की विभिन्न योजनाओं से कराया अवगत

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सरकार द्वारा संचालित सर्व जन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, दीदी बाड़ी योजना सोना सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, फूलों झानो आशीर्वाद योजना जैसी कई योजनाओं की जानकारी लोगों को भी । उन्होंने लोगों से कहा कि इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें । उन्होंने कहा कि झारखंड में अब कोई भी बुजुर्ग व्यक्ति बिना पेंशन के नहीं रहेगा । वहीं, बच्चियां पढ़ लिख कर आगे बढ़े, इसके लिए किशोरी समृद्धि योजना समेत कई योजनाओं को सरकार ने शुरू किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 21 परमवीर पुरस्कार विजेताओं के नाम पर द्वीपों के रखे नाम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पराक्रम दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 21 परम वीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नामकरण किया। पीएम ने इसी के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम ने इस अवसर पर वीर सावरकर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सावरकर और देश के लिए लड़ने वाले कई अन्य नायकों को अंडमान की इस भूमि में कैद कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने देश के लिए अपनी वीरता दिखाई। पीएम ने आगे कहा कि अंडमान की धरती वो भूमि है, जहां पहली बार तिरंगा फहरा था। उन्होंने कहा कि अंडमान में ही पहली आजाद भारतीय सरकार का गठन हुआ था। उन्होंने कहा कि अंडमान की धरती पर वीर सावरकर और उनके जैसे अनगिनत वीरों ने देश के लिए बलिदान दिया। पीएम ने इसी के साथ कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन आज पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी।

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए और नेताजी की स्मृति का सम्मान करने के लिए, रॉस द्वीप समूह का नाम बदलकर 2018 में द्वीप की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के रूप में रखा गया था। नील द्वीप और हैवलॉक द्वीप भी थे नाम बदलकर शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप कर दिया गया है।

**द्वीपों का नाम 21 परमवीर चक्र**

पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखा गया है, जिनमें शामिल हैं- मेजर सोमनाथ शर्मा, सूबेदार और मानद कप्तान (तत्कालीन लांस नायक) करम सिंह, द्वितीय लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणे, नायक जदुनाथ सिंह, कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह कैप्टन जीएस सलारिया, लेफ्टिनेंट कर्नल (तत्कालीन मेजर) धन सिंह थापा, सूबेदार जोगिंदर सिंह, मेजर शैतान सिंह, अब्दुल हमीद, लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर, लांस नायक अल्बर्ट एक्का, मेजर होशियार सिंह, सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, फ्लाइंग अधिकारी निर्मलजीत सिंह सेखों, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, नायब सूबेदार बाना सिंह, कप्तान विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, सूबेदार मेजर (तत्कालीन राइफलमैन) संजय कुमार और सूबेदार मेजर सेवानिवृत्त (माननीय कप्तान) ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव।

## सिवान में संदिग्ध अवस्था में छह की मौत , पांच गंभीर



एजेंसी

**सिवान** : बिहार में शराबबंदी कानून लागू है, लेकिन इसके बावजूद राज के अंदर धड़ल्ले से अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व सारण जिले में शराब पीने से हुई दर्जनों लोगों की मौत का मामला अभी सुलझा ही है कि सारण जिले के सीमावर्ती सिवान जिले के लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र में बीती रात से अबतक संदिग्ध अवस्था में छह लोगों की मौत हो गई है।वहीं पांच लोगों की बीमार होने की सूचना मिल रही है। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में लकड़ी नवीगंज थाना इलाके की भोपतपुर पंचायत के बाला गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जिनका उपचार सिवान सदर अस्पताल में चल रहा है। हालांकि सिवान के जिलाधिकारी अमित कुमार पाण्डेय का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह कहा जा सकता है कि इन लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है या इसकी वजह कुछ और है। इस घटना में जिन छह लोगों की मौत हुई है। उसमें नरेश बिन, जनक बिन, राजेश रावत, नारायण शाह (गोपालगंज) , सुरेंद्र रावत और धुरेंद्र मांझी का नाम शामिल है। जबकि गंभीर हालत में जिन का इलाज चल रहा है उनमें शंकर मांझी, जितेंद्र मांझी, राजू मांझी, दुर्लभ रावत, और मुन्ना मांझी का नाम शामिल है। दो लोगों की मौत गांव में ही हो गई थी, जबकि बाकी चार लोगों की मौत सदर अस्पताल से पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। इधर इस घटना की सूचना मिलने के बाद डीएम अमित कुमार पाण्डेय सदर अस्पताल पहुंचे करीब एक घंटे तक उनके द्वारा जांच पड़ताल की गई। इसके बाद उन्होंने बताया कि अभी तक कुल तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हुई है। जिसकी जांच चल रही है। इसके साथ ही कुल पांच लोगों की तबीयत खराब है जिनका उपचार हो रहा है। डीएम ने बताया कि पूरे मामले में 10 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि मौत का कारण क्या है।

## पांच राज्यों में मनहूस सुबह सड़क हादसों 21 लोगों की मौत

**केरल में पांच, उत्तर प्रदेश में छह, राजस्थान में पांच, छत्तीसगढ़ में चार और गुजरात में एक की गई जान**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केरल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से सोमवार सुबह मनहूस सूचनाएं आईं। यहां रविवार रात से सोमवार सुबह तक हुए चार सड़क हादसों में 17 लोगों की मौत हो गई। केरल के अलाप्पुझा जिले में अंबालाप्पुझा के पास नेशनल हाइवे पर रविवार देररात ट्रक और कार की टक्कर में पांच युवकों की मौत हो गई। यह ट्रक तिरुवनंतपुरम जा रहा था।अंबालाप्पुझा पुलिस ने बताया कि चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ा। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में भी ट्रक-कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा लखनऊ-कानपुर हाइवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र में तड़के हुआ। मृतकों की पहचान छोटेलाल (32), शिवांग (30), विमलेश (60), रामप्यारी (45) और उनकी बेटी शिवानी (13) के रूप में हुई है। राजस्थान के सीकर जिले में रविवार रात 11 बजे ट्रक और कार की टक्कर में हरियाणा के वाले पांच लोगों की जान चली गई। हादसा फतेहपुर-सालासर मार्ग पर हुआ। डीएसपी राजेश कुमार विद्यार्थी ने यह जानकारी दी। गुजरात के अहमदाबाद में एक तेज रफ्तार कार ने नयना शाह (75) को कुचल दिया। यह हादसा रात को न्यू शारदा मंदिर रोड पर हुआ। यह जानकारी पुलिस ने दी।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसा, पलटी कार में लगी आग, चार की मौत, सिर्फ हड्डियां बाकी, सामान से पहचान

**रायपुर (छत्तीसगढ़)**: प्रदेश के बिलासपुर जिले में रविवार रात करीब एक बजे गौरेला मार्ग पर रूह कंपा देने वाला सड़क हादसा हुआ है। एक कार की टक्कर से पलटी दूसरी कार में आग लग गई। दूसरी कार में चार लोग थे। चारों जिंदा जल गए। इनकी पहचान इनके सामान मसलन चश्मों, घड़ियों और गहनों से हुई है, क्योंकि लोहे के ढेर में तब्दील कार के अंदर शवों के नाम पर सिर्फ हड्डियां मिली हैं। यह जानकारी बिलासपुर पुलिस ने दी है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा रतनपुर थाना क्षेत्र के पोड़ी-खेरा के पास हुआ है। हादसे में एक पत्रकार सहित चार लोगों की मौत हो गई। इनमें दो युवती भी हैं। सभी के कंकाल सीट से छिपके हुए थे। उनमें हड्डियों के अलावा कुछ भी नहीं। मृतकों की पहचान कार की नंबर प्लेट, गहनों और अन्य सामान से हुई है। कार के नंबर प्लेट से कार मालिक पत्रकार शाहनवाज की पहचान हुई। पुलिस के मुताबिक ड्राइवर सीट पर उसके गले की मोटी चेन, कड़ा और अंगूठियां मिलीं। ड्राइवर सीट के बाजू में मिले कंकाल की पहचान चेन से याशिका मनहर के रूप में हुई । पीछे की सीट में मिले कंकाल से एक कड़ा, चेन और घड़ी मिली। इससे अभिषेक कुर्रे की पहचान हुई। मृतकों में एक लड़की विक्टोरिया आदित्य भी बताई जा रही है। मगर उसकी पहचान नहीं हो पा रही। हालांकि उसके पिता सीएल आदित्य ने कहा है कि उनकी बेटी भी जलकर मर गई। पुलिस का कहना है कि कार से मिले सामान, कंकालों, हड्डियों और शरीर के अवशेषों को सिम्स के फॉरेंसिक डिपार्टमेंट के पास भेजा गया है। इनकी जांच से विक्टोरिया की पहचान हो सकती है।

## झारखंड के पांच सौ पारा शिक्षकों पर दर्ज होगा केस

**शिक्षा सचिव ने सभी जिलों के अधिकारियों को 31 जनवरी तक रिपोर्ट देने को कहा**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए लंबे समय से काम कर रहे करीब पांच सौ पारा शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने प्राथमिकी दर्ज कर मानदेय वसूली का आदेश दिया है। शिक्षा विभाग ने ऐसे पारा शिक्षकों के विरुद्ध ना केवल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय लिया बल्कि फर्जी पारा शिक्षकों से मानदेय की भी वसूली करने का निर्णय लिया है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने ऐसे शिक्षकों के खिलाफ सभी जिलों के अधिकारियों को कार्रवाई कर 31 जनवरी तक रिपोर्ट देने को कहा है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सोमवार को बताया कि फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए काम कर रहे ऐसे पारा शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर शिक्षा विभाग उनका पक्ष जानने की कोशिश करेगा, उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार के निर्णय के बाद शिक्षा विभाग की ओर से इन दिनों 61 हजार शिक्षकों के सर्टिफिकेट की जांच चल रही है। जानकारी के मुताबिक 61 हजार शिक्षकों में से करीब 52 हजार पारा शिक्षकों की सर्टिफिकेट की जांच हो चुकी है। इनमें करीब पांच सौ ऐसे पारा शिक्षक चिन्हित किए गए हैं, जिनके प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं।

फर्जी सर्टिफिकेट पर काम करने वाले शिक्षकों ने सर्टिफिकेट जांच के लिए आवेदन नहीं किया और अपना त्यागपत्र भी दे दिया। कुछ ऐसे भी पारा शिक्षक पाए गए हैं, जो लंबे समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं और जिन्होंने सर्टिफिकेट दिया लेकिन जांच में वह फर्जी निकला। इन सभी पर शिक्षा विभाग में अलग-अलग कार्रवाई करने का निर्देश जिलों के अधिकारियों को दिया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की माने तो राज्य के करीब 133 पारा शिक्षकों ने सर्टिफिकेट जांच के दौरान नौकरी छोड़ दी है। वहीं 107 ऐसे पारा शिक्षक हैं जो लंबे समय से स्कूल में उपस्थित नहीं हुए हैं, उनके खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में चल रहे शिक्षकों के सर्टिफिकेट जांच के दौरान बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा आदि राज्यों के प्रमाण पत्र पाये गए हैं। सभी पारा शिक्षकों की प्रमाण पत्रों की जांच 31 जनवरी तक पूरा कर लेने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जिलों से यह भी कहा गया है कि जिनका शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन विभिन्न बोर्ड और विश्वविद्यालयों में सत्यापन के लिए लंबित है उन्हें भी 31 जनवरी तक जांच पूरी कराना सुनिश्चित करेंगे।

## अभिनेता नवाजुद्दीन की मां ने बहू के खिलाफ दर्ज कराया केस

**मुंबई** : फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मां मेहरुन्निसा सिद्दीकी ने अपनी बहू जैनब के खिलाफ वर्सोवा पुलिस स्टेशन में संपत्ति विवाद को लेकर एक मामला दर्ज करवाया है। इस मामले में वर्सोवा पुलिस नवाजुद्दीन की पत्नी से पूछताछ करने वाली है । जानकारी के अनुसार फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन के घर में संपत्ति को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मां और उनकी पत्नी के बीच भी कलह शुरू हो गई है। इस मामले में बहू से परेशान होकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मां ने अपनी बहू जैनब उर्फ आलिया के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है।

# जहरीले बारूद गैस से छात्र की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा, पलामू :** कठौतिया कोल माइंस में ब्लास्टिंग के बाद ब्लास्टिंग तार चुनने गए स्कूली छात्र की मौत हो गयी. छात्र मंजीत कुमार मेहता पिता बदेश्वर महतो ग्राम सिका 14 वर्षीय 8वीं का छात्र है। जानकारी के अनुसार सोमवार के दिन लगभग एक बजे माइंस में ब्लास्टिंग हुआ. ब्लास्टिंग होते ही 10-12 की संख्या में 14-15 वर्ष के बचे ब्लास्टिंग में यूज़ हो चुके प्लास्टिक के तार के लिए माइंस में घुस गए। इसी क्रम में मंजीत ब्लास्टिंग के बाद निकलने वाला गैस के चपेट में आ गया। इससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। इसके बाद सूचना पाकर परिजन पड़वा मोड़ इलाज के लिए ले गए लेकिन उसकी मौत हो गया. इसकी सूचना फैलते ही राजन मेहता के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण और परिजन बचे का शव लेकर माइंस में पहुच गए। प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों ने गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए माइंस में कार्य कर रहे कर्मियों पर पथराव करने लगे जिसमे 1 दर्जन कर्मी और गार्ड घायल हो गए। सूचना पाकर पड़वा थाना प्रभारी मौके पर पहुच कर मोर्चा संभाला. हालांकि समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों का आंदोलन जारी है। ग्रामीणों की मांग है कि मृतक को एक करोड़ रुपये और परिवार के सभी सदस्यों को नौकरी आंदोलन में प्रभात भुईयां प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति, मंटू सिंह उप प्रमुख पंडवा, प्रमुख गीता मेहता, मंजीत कुमार, प्रमोद यादव, सत्येंद्र मेहता, जनता मजदूर संघ राकेश सिंह, ब्रजेश सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। **क्या है मामला :** कठौतिया माइंस में जब भी ब्लास्टिंग होता है. ब्लास्टिंग के तुरंत बाद 14-15 वर्ष के बचे 10-15 के संख्या में हसुआ लेकर माइंस के अंदर ब्लास्टिंग तार काटने चले आते है. मना करने पर सुरक्षा प्रहरियों के साथ मारपीट पर उतारू हो जाते है। चुकी ओपन खदान होने के कारण हर जगह सुरक्षा गार्ड लगना संभव नही. इसी का परिणाम आज की घटना हुई है।

## बागेश्वर धाम की सच्चाई को पुख्ता सबूत की जरूरत नहीं : कमल तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विश्रामपुर :** बागेश्वर धाम की सच्चाई को पुख्ता सबूत की जरूरत नहीं है धाम पर पहुंच रहे लाखों श्रद्धालु इस बात का गवाही देता है कि यह धाम सनातन के लिए सबसे बड़ा धाम है यह उक्त बातें एडवोकेट सह राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पलामू जिला संरक्षक कमल तिवारी ने कहा। श्री तिवारी आज अपने निजी आवास पर मीडिया से मुखातिब थे। कमल तिवारी ने बताया सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने जिस तरह से देश के लिए कोहिनूर साबित हो रहे हैं ।उन्हें किसी भी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं लाखों श्रद्धालुओं भीषण ठंड में जिसमें रूह भी ठंड से कांप रही है ऐसे में देश के कोने कोने से चलकर बागेश्वर धाम की महिमा से वाकिफ हो रहे हैं फिर ऐसे में किसी व्यक्ति विशेष द्वारा अपने निजी लाभ को देखकर सनातन धर्म को कमजोर करने के लिए एफआईआर करा दिया जाए यह धर्म प्रचारक के लिए तथा देशवासियों के लिए दुख की बात है। कमल तिवारी ने आगे बताया भारत देश ऋषि-मुनियों का देश है जितना भारत की जनसंख्या है। उससे थोड़े ही कम भारत में मंदिर का निर्माण किया गया है। भारत में एक से एक प्रसिद्ध कथा वाचक जो श्रीमद् भागवत रामायण हनुमत कथा गौ कथा कह कर धरती को पवित्र कर रहे हैं महान प्रचारक में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पास लाखों की भीड़ में महज 10 पांच ऐसे भाग्यशाली होते हैं जिन की पर्ची लगती है देश सहित विदेशों से आने वाले भक्तों बागेश्वर धाम में सूखा राशन लेकर महीनों मिलने का इंतजार करते हैं। ऐसे पतित पावन तपोभूमि पर बागेश्वर धाम की महिमा का भ्रामक बातें फैला कर सनातन धर्म के गाल पर तमाचा मारा जा रहा है जो किसी भी कीमत पर सनातन परिवार बर्दाश्त नहीं करेगा।

## पुलिस ने फरार अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चिपकाया



**हुसैनाबाद(पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पंचयात महूदण्ड में ग्राम नसों जमाल पुर टोला फटहा में पुलिस ने फरार अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार साटा इस संबंध में सहायक अवर पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि विनय भुइंया, पिता मुखलाल भुइंया, जिला न्यायालय जीआर नम्बर 1061/18 एवं हुसैनाबाद थाना काण्ड संख्या 103/18 धारा 364, 302, 201, 34 में फिरार अभियुक्त हैं। जिन्होंने न्यायलय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया गया हैं आगे उन्होंने ने बताया की न्यायलय में अगर आत्मसमर्पण नही करते हैं तो आगे न्यायालय के आदेश पर करवाई की जाएगी, इश्तेहार चिपकाने में हुसैनाबाद थाना के शास्त्र बल शामिल थे।

## भाजपा नेत्री को फोन पर मिली धमकी

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के धंगरडीहा निवासी सह भाजपा महिला मोर्चा नेत्री प्रमिला देवी को उनके मोबाईल पर फोन कर गाँव के ही धर्मदेव साह ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी है। मामले को लेकर भाजपा नेत्री ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्थानीय थाने में नामजद आवेदन दी है। आवेदन में उन्होंने जिक्र किया है, कि सोमवार की सुबह करीब आठ बजे मेरे पति गौतम कुमार गुप्ता अपने जमीन जमीन का ऑन लाईन रसीद कटवाने हेतु घर से भवनाथपुर जा रहे थे, तभी धर्मदेव साह ने उनका रास्ता रोकते हुए कहा कि तुम मुझे पैसा दो मैं तुम्हारा जमीन का रसीद कटवा दूंगा। जब उन्होंने पैसा देने से इंकार किया तो उसने गाली गलौज करते हुए मेरे पति को जूता से पिटाई करते हुए कहा कि तुम्हे घर से उठवा लूंगा। इसके बाद जब वें घर आये तो उपरोक्त व्यक्ति ने अपने मोबाईल नंबर 9662174903 से मेरे मोबाईल नंबर 8969041484 पर फोन कर मुझे गंदी गंदी गालिया देने लगा और कहा कि नेता बनती हो मैं तुम्हे जान से मार दूंगा। उधर पुलिस आवेदन के अलोक में मामले की जाँच पड़ताल में जुट गई है।

# हैदरनगर देवी धाम परिसर में सतचंडी महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं को खिलाया महाप्रसाद

## अनुष्ठान में प्रसाद का वितरण ही धर्म का काम : सूर्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हैदरनगर देवी धाम परिसर में प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को विधी विधान के साथ बैठकर पंडाल में महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यज्ञ में पहुंचे एन सी पी के प्रदेश युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने पहुंच कर मां भगवती की आराधना कर यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। यज्ञ समिति द्वारा महा प्रसाद की व्यवस्था पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि धर्म व समाज का काम में महाप्रसाद का वितरण करना काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यज्ञ व अनुष्ठान से ही क्षेत्र में अमन चैन कायम रहता है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर देवी धाम का सतचंडी महायज्ञ हुसैनाबाद सहित पलामू प्रमंडल के लिए एतिहासिक है। जहां चहुओर वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञ क्षेत्र भक्ति रस में डूबो गया है। सूर्या सोनल सिंह सहित उनकी टीम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने हाथों महाप्रसाद का वितरण कर श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर काफी संख्या में यज्ञ समिति के सदस्यों के साथ साथ एन सी पी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ए के सिंह कॉलेज जपला में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रुप में मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार 23 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ए के सिंह कॉलेज जपला के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 126 वीं जयंती को महाविद्यालय में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय में भषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भाषण प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी प्रथम, सुप्रिया कुमारी द्वितीय, तथा दिनेश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किए। निबंध प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी प्रथम,किरण कुमारी द्वितीय तथा शुभम प्रकाश तृतीय स्थान प्राप्त किए। पेंटिंग प्रतियोगिता में आलोक कुमार प्रथम, दिव्या कुमारी द्वितीय एवं रिंकी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। प्रो राहुल कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी साबित होते हैं।

## गिधौर पत्थलगडा के भाजपा मंडल का 25 को होगी मिलन समारोह





**पत्थलगडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह बुधवार कौलेशवरी मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर एवं पत्थलगड्डा मंडल का कार्यकर्ता मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के निर्देशानुसार किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं पत्थलगड्डा भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद दांगी ने कहा कि दोनों मंडल के सभी बुथ स्तर से लेकर भारतीय जनता पार्टी के सभी सम्मानित नेतागण एवं कार्यकर्तागण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मिलन समारोह में जनसंघ से जुड़े दोनों मंडल के अभिभावकगण को सम्मानित किया जायेगा।

## सिगसिगी पंचायत की मुखिया व पंचायत सेवक एजेंसी से कार्य कराकर राशि का किया बंदरबांट, पंचायती राज अधिनियम का किया गया उल्लंघन

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत को प्राप्त 15 वें वित्त की राशि में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। पंचायत को प्राप्त राशि से 11 लाख 54 हजार छह सौ रुपए एजेंसी से कार्य करा राशि की बंदरबांट कर ली गई। जबकि पंचायत को प्राप्त हुए में 15 वे वित्त अनुदान मद की राशि से लाभुक समिति गठित कर कार्य कराया जाना है। लेकिन नियमों को ताक पर रखकर पंचायत में एजेंसी के माध्यम कार्य कराया जा रहा है। जो ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) से मीले निर्देशों का उलंघन है। इतना हीं नहीं एजेंसी से कार्य कराएं जाने की पुर्व निविदा आमंत्रित की जानी है। वहीं पंचायत को किसी भी स्थिति में एजेंसी चयन करने का अधिकार नहीं हैं। क्या पंचायत क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति कार्य करने की इच्छा व्यक्त नहीं करते, क्या उन्हें रोजगार नहीं चाहिए? फिर किस परिस्थिति में एजेंसी को कार्य आवंटित की जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के द्वारा 1.50 लाख रूपये से अधिक का सामग्री क्रय निविदा के माध्यम से ही किया जा सकता है। यदि ग्राम पंचायत द्वारा बिना निविदा इससे अधिक की सामग्री क्रय किए जाने की स्थिति में इसे वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में माना जाएगा। इतना हीं नहीं एक ही प्रकार के योजना में निविदा से बचने के लिए तोड़-तोड़ कर कियान्वयन स्थापित वित्तीय नियमों का उल्लंघन है। इसमें संलिप्त कर्मी व पंचायत प्रतिनिधी के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) के द्वारा 25 नवंबर 2020 को पत्रांक 1911 में तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि 15 वें वित्त मद की राशि से सोलर लाईट की क्रय करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अगर बहुत जरूरी हो तो ज्रेडा के माध्यम से ही अधिष्ठापित किया जाएगा। ग्राम पंचायत में योजना के क्रियान्वयन के क्रम में अनियमितता को रोकने व अनुश्रवण मात्र की जिम्मेवारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौपी गई है। बावजूद सिगसिगी पंचायत में नियमों को ताक पर रखकर वगैर निविदा पंचायत की मुखिया किरण देवी व पंचायत सचिव एजेंसी को कार्य आवंटित कर दिया। पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट व जलमीनार अधिष्ठापन का कार्य कराया गया। वहीं जांच के लिए अधिकृत बीडीओ भी चुप्पी साधे रहे और योजनाओं की बंदरबांट होता रहा। इस संबंध में स्थानीय लोगों के द्वारा उपायुक्त व उप विकास आयुक्त से मिलकर शिकायत करने का निर्णय लिया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनायी गयी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ गढ़वा जिला माननीय सह संघचालक काशी महतो एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से माँ शारदे, भारत माता, और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वालन एवं पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात कक्षा 9 बी की बहन कुमकुम और बहन साक्षी कुमारी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के बारे में व्याख्या कि और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। वही आचार्या रेणु गुप्ता ने बच्चों के बीच नेताजी के जीवन के बारे में बखान करते हुए कहा कि कहा कि नेता जी स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी। जिसे कभी देश भुला नहीं सकता। उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात बताई। उन्होंने ने कहा कि नेता जी देश के ऐसे महानायकों थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके संघर्षो और देश सेवा के जज्बे के कारण ही महात्मा गांधी ने उन्हें देश भक्तों का देश भक्त कहा था।

# रक्त के जरुरत मंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : नवीन तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रमंडलीय संरक्षक अधिवक्ता दिवाकर दूबे ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को मझिंआंव निवासी स्व.प्रभू साव की धर्मपत्नी अनिता कुंअर को रक्तदान किया। श्री दुबे ने बताया कि प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में वो रक्तदान करते हैं।इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने कहा कि युवा वाहिनी लगातार रक्तदान के क्षेत्र में जागरुकता अभियान चला रही है। रक्तदान महादान है और किसी का जीवन बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वहीं रक्तदान के क्षेत्र में रक्तदान जागरुकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने लोगों से अपने जन्मदिन या अन्य समारोह में इस तरह के रक्तदान करने की अपील की। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, अनुशासन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, रवि ओझा, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी व जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## गुरु पांडे बनवाएंगे मंदिर का गुम्बज

# हवन व भंडारा के साथ पांच दिवसीय वार्षिकोत्तसव कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** स्थानीय कश्यप मुहल्ला सत्संगी चौक स्थित मनोकामना सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के गुम्बज का निर्माण परशुराम सेना के संगरक्षक सह समाजसेवी अर्जुन पाण्डेय ऊर्फ गुरू पाण्डेय द्वारा कराया जायेगा। इसकी घोषणा उन्होंने रविवार को उस समय की जब वे मंदिर के वार्षिकोत्तसव कार्यक्रम के तहत मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन यहां पहुँचे थे। उन्होंने कहा कि आनेवाले दो चार दिनों में ही मंदिर के गुम्बज निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने मंदिर में मत्था टेका और पूजा कार्यक्रम के मुख्य आचार्य मारुती नंदन जी महाराज से आशीर्वाद लिया। गौरतलब हो कि उक्त मंदिर का 15वां वार्षिकोत्तसव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। 12घंटे के अखंड कीर्तन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कलश यात्रा, सुन्दर कांड का सामूहिक पाठ एवं नगर शांति के निमित श्री दुर्गा शप्तसती का पाठ आदि आयोजित किये गए। इस दौरान सम्पूर्ण वातावरण वैदिक मन्त्रोंच्चारण की गूंज से भक्तिमय बना रहा। आज पूजा कार्यक्रम की पूर्णाहुति हवन के साथ की गई। इसमें मुख्य यजमानों के साथ स्थानीय भक्तों ने हवन में अपनी आहुति दिए। इसके उपरांत भव्य भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिला -पुरुष श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस वार्षिकोत्तसव कार्यक्रम पर आयोजित पूजा - पाठ बनारस से आये विद्वान आचार्य मारुतीनन्दन जी महाराज के नेतृत्व में पांच युवा ब्राह्मणों द्वारा किया व कराया गया। पूजा के मुख्य यजमानों में दीपलाल प्रसाद कश्यप, प्रमोद कश्यप एवं दीपक कश्यप सपत्निक शामिल थे। कार्यक्रम को लेकर हनुमान मंदिर की आकर्षक सजावट की गई है। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के नवीन तिवारी, सोनू मिश्रा, सतोष तिवारी, ललू पाण्डेय, रवी ओझा व दिलीप पाण्डेय समेत आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमित कुमार पाण्डेय, अनिकेत चंदन, अविनाश कुमार, कमलेश चंद्रवंशी, हिमांशु, सत्यम, गौरव, अमन कश्यप, अमन मालाकार, गुड्डू, अरुण कश्यप, पत्रकार रविंद्र प्रसाद, अजय पाण्डेय, कृष्णदेव पाण्डेय, बिजय पाण्डेय, संतोष प्रसाद, रामावतार कश्यप आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने किया पाटन थाना का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने सोमवार को अपराहन पाटन थाना की निरीक्षण किया। ऋषभ गर्ग ने थाना कांड के अनुंसधान क्रम केश से सबंधित पीओ की निरीक्षण एव स्थानीय लोगो से केश कांड से सबंधित पुक्षताक्ष किया। इसके उपरांत एसडीपीओ ने थाना पहुँचकर थाना की निरीक्षण किया तथा थाना परिसर में साफ-सफाई के अवलोकन से संतुष्ट होकर थाना प्रभारी एव पुलिस कर्मियों की प्रशंसा किया। विभिन्न थाना कांडों की समीक्षा करते हुये इन्होंने पुलिस अनुसंधान कर्मियों को थाना कांड के लम्बित केसों को 31 मार्च 23 तक निष्पादन करने की आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आपराधिक कांडों की बारी बारी से समीक्षा करते हुए सबंधित अनुसंधान पुलिस पदाधिकारी को नियत समय मे केशो की निष्पादन करने, अनुसंधान में कोई दोषी ब्यक्ति पर दण्डनात्मक करवाई करे। निर्दोष नही फसे इसकी सख्त हिदायत दिया। एसडीपीओ ने बताया की इस देखा जा रहा है की केश कांड में 75 वर्ष से अधिक आयु के लोग जो असहाय/बृद्ध है गलत मंशा से नामदर्ज अभियुक्त बना दिया गये है। ऐसे लोगो की सत्यापन्न पुलिस पदाधिकारी जरूर करे। निरीक्षण के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर विष्णुदेव पासवान, थाना प्रभारी गुलशन गौरव, एसआई बरुण कुमार, राकेश कुमार, रोबिन कुमार, आदि पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरें**

### मुख्यमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया नमन

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्श और विचार हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन कर स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष और अमूल्य योगदान के लिए नेताजी सदा याद किए जाएंगे।

### स्वामी रामदेव 28 को आएंगे मधुबन

**रांची** : योग गुरु स्वामी रामदेव 28 जनवरी को मधुबन पहुंचेंगे। उनके साथ भारत स्वाभिमान न्यास के राष्ट्रीय प्रभारी राकेश मित्तल भी होंगे। योग गुरु स्वामी रामदेव खास चार्टेड प्लेन से गिरिडीह हवाई अड्डा आएंगे और सड़क मार्ग से मधुबन जाएंगे। योग गुरु रामदेव 28 जनवरी को गिरिडीह के सम्मेद शिखर मधुबन के बीस पंथी कोठी में आयोजित आठ दिवसीय महापर्याण महापारना महोत्सव में हिस्सा लेंगे। गिरिडीह पतंजलि योग समिति और भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी नवीनकांत सिंह ने बताया कि स्वामी रामदेव जी 28 की शाम बीस पंथी कोठी में एक बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। अन्न प्राशन करने वाले जैन मुनि प्रमाण सागर जी से मिलकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे। रविवार की सुबह बीस पंथी कोठी मधुबन में ही अहले सुबह योग शिविर आयोजित करेंगे।

## सरस्वती पूजा भी 26 जनवरी को, तैयारियां जोरों पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के दिन विद्यादायिनी मां सरस्वती की भी अराधना होगी। सरस्वती पूजा को लेकर अब चार दिन ही बचे हैं। 26 जनवरी के दिन देश सहित राज्यभर में सरस्वती पूजा मनायी जायेगी। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर है। रांची के सभी शैक्षणिक संस्थान रांची कॉलेज, रांची महिला कॉलेज, सभी पॉलिटेक्निक, टेक्निकल यूनिवर्सिटी और अन्य जगहों तथा गली-मुहल्लों में भी सरस्वती पूजा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कोरोना के बाद इस वर्ष सरस्वती पूजा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। शहर में हिनू, डोरंडा, सेक्टर-2, थड़पखना और अन्य जगहों पर मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। शहर के



विभिन्न गली-मुहल्लों में पूजा पंडाल आकार लेने लगे हैं। मूर्तिकारों के मुताबिक, इस साल बाजार अच्छा है, कोलकाता के काली घाट से लायी गयी मिट्टी से मूर्तियां बनायी गयी हैं। इस साल 25 दिसंबर के बाद से ही मूर्तियों की अग्रिम बुकिंग हुई है। तीन से 14 फीट तक की प्रतिमाओं की अधिक मांग है। रांची यूनिवर्सिटी के यूजी और पीजी हॉस्टल में होने वाली पूजा को लेकर 14 फीट से अधिक ऊंचाई वाली मूर्तियों की बुकिंग करायी गयी है। वहीं गली-मुहल्लों के लिए 10 से 12 फीट की मूर्तियों को बुक कराया गया है। इस बार रांची और आसपास के इलाकों से भी मूर्तियों की मांग बढ़ी है।

## जेएससीए स्टेडियम में ऑफलाइन टिकट आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में होने वाले टी20 मैच की तैयारी पूरी कर ली गई है। मैच रांची में 27 जनवरी का खेला जाना है। वैसे तो इस मैच की ऑनलाइन टिकटों की बिक्री हो चुकी है, 24 जनवरी से टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू होगी। जेएससीए सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने इसकी जानकारी दी है।देवाशीष चक्रवर्ती ने आगे बताया कि 24 जनवरी से 26 जनवरी तक मैच के ऑफलाइन टिकट मिलेंगे। टिकटों की बिक्री के लिए जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के पश्चिमी गेट के पास कॉउंटर बनाया गया है। जहां सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक टिकटों खरीद होगी। ब्रेक के बाद दोपहर दो बजे से शाम साढ़े चार बजे तक फिर टिकट की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति को अधिकतम दो टिकट खरीदने की अनुमति होगी। टिकट की न्यूनतम दर 1000 रुपये है, जबकि 10,000 रुपये इसकी अधिकतम दर रखी गई है। टिकट लेने के लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा।




**इस दर पर मिलेंगे टिकट**

विंग-ए और सी के लिए 1000 से 1300 रुपये
विंग-बी के लिए 1400 से 1800 रुपये
विंग-डी के लिए 1600 से 1700 रुपये
अमिताभ चौधरी पवेलियन के लिए 2200 से 10 हजार रुपये के टिकट
एमएस धौनी पैवेलियन के लिए 6000 रुपये के टिकट

## दर्जनों सामाजिक-शैक्षणिक लोगों ने भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माले हाशिये-वंचितों की आवाज है,अल्पसंख्यक समुदाय के ज्वलंत मुद्दों पर भाकपा माले आवाज बनते रही है,केंद्र सरकार या झारखंड सरकार हों,झारखंड सरकार भी अल्पसंख्यकों के मुद्दें पर छुआछूत जैसी भावना से ग्रसित है तभी तो झारखंड में अल्पसंख्यकों से किए वादें लागू नही कर रही है,जिसमें उन्होंने आपने चुनावी घोषणा पत्र में दर्ज है,बल्कि अल्पसंख्यकों को रहरह कर फजीहत ही करा रही है। भाकपा माले में शामिल होने वालों में रांची नगर निगम के टाउन वेंडर कमेटी के सदस्य मो इसहाक अंसारी,पुंदाग के लाइब्रेरियन मो नौशाद अंसारी,पठान तंजीम रांची के मो नसीम खान,लोअर बाजार के सामाजिक कार्यकर्ता तबरेज अंसारी,एजाज अंसारी,मो गुफरान अंसारी,पुंदाग के गुलजार अंसारी, हिंदपीढ़ी के मो नौशाद,मो खलीलुल्लाह, मो सराफत अली,मो साजिद, मो सोनू शामिल हुए। भाकपा माले के राष्ट्रीय महाधिवेशन जो 15 से 20 फरवरी को पटना में होने जा रहा है,जिसमें कोष संग्रह,प्रचार,रैली के अभियान को तेजी दी जाएगी।भाकपा माले झारखंड के राज्यसचिव कॉमरेड मनोज भक्त, मोहन दत्ता, राज्य कमेटी सदस्य भुनेश्वर केवट, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के पुष्कर महतो,भाकपा माले जिला कमेटी के नदीम खान, मो नौशाद आलम,अकरम राशिद की उपस्थिति में शपथ ग्रहण हुआ।

## फुटपाथ दुकानदार संघ ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में नेताजी के संघर्षो को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके बताए हुए रास्ते पर ही चलकर देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा। आज नेताजी को पढ़ना देशवासियों के लिए जरूरी हो गया है।हम सब आज इसी विश्वास के साथ शपथ ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल



झारखंड का दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, कार्यकारिणी अध्यक्ष अजीत नायक, मोहम्मद फैयाज, राहुल वर्मा , विनोद कुमार, प्रदीप ठाकुर सहित कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड के तीन जिलों में बनेंगे 17 मॉडल स्कूल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के तीन जिलों में 17 मॉडल स्कूल की स्थापना की जायेगी। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि तीन फरवरी शाम तीन बजे तक निर्धारित की गयी है, यह टेंडर झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से जारी किया गया है। मॉडल स्कूल कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम के अलावा सरायकेला-खरसांवा जिले में बनेगा। हालांकि टेंडर खुलने की तिथि की घोषणा नहीं की गयी है। मॉडल स्कूल की कुल लागत 982.27 लाख रूपये तय किया गया है। काम एजेंसी को सशर्त दी जायेगी। एजेंसी को पूरा




काम चार माह में खत्म करने होंगे। राज्य में मॉडल स्कूलों की संख्या फिलहाल 89 हैं। इन स्कूलों को मिलाकर कुल 3560 सीटें हैं। इनमें गिरिडीह जिलें 11 मॉडल स्कूल संचालित हैं। जबकि, रांची और गुमला जिले समेत अन्य जिलों में आठ-आठ मॉडल स्कूल हैं।

## राज्यपाल ने नेताजी की जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सूबे के राज्यपाल रमेश बैस ने सोमवार को राजभवन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस दौरान राज्यपाल ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण भी किया। पूरा देश नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 126 वीं जन्म जयन्ती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है।



## ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के संयुक्त बैनर तले सीपीआई राज्य कार्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 126वी जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसकी शुरुआत भारतीय कम्यूनिस्ट के प्रदेश सचिव पाठक ने किया। सेमिनार में मुख्य रूप से रोजगार विहीन नई शिक्षा नीति एवं युवाओं की चुनौतियां पर सेमिनार आयोजित की गई, सेमिनार में मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री शिव कुमार बनर्जी, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर त्रिमलाई , राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखविंदर महेश्वरी ,राष्ट्रीय सचिव रोशन कुमार ,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अफताब आलम , मौजूद थे। पूर्व मंत्री श्रीकुमार बनर्जी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 से लोगों को रोजगार मिलना संभव नहीं है। ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर त्रिमिलाई रमन ने कहा कि देश के युवाओं के पास रोजगार की कोई साधन नहीं है। छात्र नौजवान दोनों हासिल पर है, केंद्र की मोदी सरकार युवाओं को उठती रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखविंदर महेश्वरी, रोशन कुमार, अजय कुमार सिंह, रुचिर कुमार तिवारी, विष्णु कुमार ,आफताब आलम खान, शहीत क ई लोगों संबोधित किया। संयोजक रुचिर कुमार तीवारी, विष्णु कुमार, ,प्रकाश रजक, अंबुज ठाकुर, अजय कुमार सिंह, सहित 15 सदस्य कमेटी का निर्माण किया गया, सेमिनार में पीके पांडे, अजय



कुमार सिंह ,आफताब आलम खान, मनोज महतो, विष्णु कुमार ,प्रिया प्रवीण ,फरजान फारुकी, मिहिर चौधरी, आफाक ,अमानत खान,सरफत इमरान अंसारी अनिल कुमार साहू, चंद्रशेखर तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित।

## सुभाष चंद्र बोस ने भारत के लिए पूर्ण स्वराज का सपना देखा था : इरफान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा के सुभाष चौक मे जामताड़ा के लोकप्रिय विधायक डा इरफान अंसारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें माला पहनाकर कोटी कोटी नमन किया।मौके पर भारी संख्या मे लोग उपस्थित हुए।

मौके पर विधायक ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अनेक महापुरुषों ने अपना योगदान दिया था, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम पहली पंक्ति में है।सुभाष चंद्र बोस ने भारत के लिए पूर्ण स्वराज का सपना देखा था।भारत को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के उन्होंने कई आंदोलन किए और इसकी वजह से नेताजी को कई बार जेल भी जाना पड़ा।

### फुटबॉल प्रतियोगिता 24 से

**रांची :** आदिवासी युवा विकास क्लब के तत्वावधान में रातू के बेलांगी खेल स्टेडियम में 24 जनवरी से लेकर 29 जनवरी तक मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेता को तीन लाख रुपया, उप विजेता को दो लाख रुपए, तृतीय एवं चतुर्थ विजेता को 25 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। प्रतियोगिता की प्रारंभिक मैच हुलहुंडू एफसी और समर एफसी ब्रांबे एवं द्वितीय मैच टाइगर एफसी रानिया और ब्लैक टाइगर रांची के बीच खेला जाएगा। क्लब के संरक्षक विश्राम उरांव ने यह जानकारी दी।

## डॉ एमएस राव ने नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक डॉ एमएस राव ने क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। डॉ. राव ने पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्रीय कार्यालय में सभी अधिकारियों की बैठक कर झारखंड में नाबार्ड की ओर से चलाई जा रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने राज्य में नवाचार उन्मुखी परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। साथ ही कृषि क्षेत्र में आईटी तकनीक के अधिकाधिक उपयोग पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने राज्य सरकार को कृषि संबन्धित आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए



नाबार्ड से मदद करने की अपनी प्राथमिकता बताई। उन्होंने सहकारी बैंक, पैक्स कंप्यूटरीकरण, सभी किसानों को केसीसी उपलब्ध कराना, कृषक उत्पादक संगठन, जलवायु परिवर्तन इत्यादि को अपने प्राथमिकताओं में रखा है। इससे पूर्व डॉ. राव नाबार्ड प्रधान कार्यालय मुंबई में पदस्थापित थे। डॉ. राव ने विभिन्न कार्यालयों जैसे ओडिशा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा केरल में विभिन्न पदों पर रहते हुये अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। डॉ. राय मणिपुर क्षेत्रीय कार्यालय के भी प्रभारी अधिकारी रह चुके है। डॉ. राव ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, नई दिल्ली से परास्नातक एवं डॉक्टरेट किया है। डॉ. राव बागवानी, जैव-तकनीकी, पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 फरवरी को जायेंगे बूढ़ापहाड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 फरवरी को बूढ़ापहाड़ जायेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगे और उसके समाधान को लेकर कई घोषणाएं भी करेंगे।

हेमंत सोरेन राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं, जो बूढ़ापहाड़ के इलाके में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के साथ गढ़वा और लातेहार की पूरी प्रशासनिक टीम भी मौजूद रहेगी।

इस दौरान मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और सीआरपीएफ के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वहीं झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा स्थित बूढ़ापहाड़ इलाके में पहली बार गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है और इससे जुड़े कई बड़े आयोजन हो रहे हैं।

इलाके के एक दर्जन गांवों में पहली बार गणतंत्र दिवस के दौरान झंडोत्तोलन किया जाना है। पूर्व में माओवादियों के भय के कारण इलाके में झंडोत्तोलन नहीं किया जाता था। उल्लेखनीय है कि बूढ़ापहाड़ पर सितंबर महीने से



माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस शुरू किया गया था। इस अभियान में सुरक्षाबलों ने पहली बार बूढ़ापहाड़ पर अपना कब्जा जमा लिया है। अभियान के क्रम में माओवादी बूढ़ापहाड़ को छोड़कर भाग गए हैं। बूढ़ापहाड़ पर सुरक्षाबलों ने आधा दर्जन के करीब अपने कैंपों को स्थापित किया है। इन कैंप में कोबरा, सीआरपीएफ, जगुआर के जवानों को तैनात किया गया है। इलाके से अब तक सुरक्षाबलों ने 2500 से अधिक लैंड माइंडस बरामद किया है और आधा दर्जन से अधिक बंकरों को ध्वस्त किया है।

## तीन हजार बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं ऑन स्पाट निबटाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य भर में झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीबीएनएल) की ओर से लगाये गये शिविर में 10 हजार उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं को निबटाने का आवेदन दिया।शिविर में तीन हजार उपभोक्ताओं की समस्याएं ऑन स्पाट निबटाई गई।

अन्य आवेदनों का निपटारा जल्द कर दिया जाएगा। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के निदेशक (वाणिज्य) मनीष कुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में उपभोक्ता गलत बिजली बिल, नाम बदलने, लोड बढ़ाने, नया कनेक्शन लेने जैसी शिकायतें मिली हैं।उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि कोई भी ऊर्जा मित्र गलत बिल देता है या किसी अन्य तरह का प्रलोभन देता है तो इसकी शिकायत वे संबंधित सब स्टेशन कार्यालय में आकर करें. विभाग की ओर से संबंधित ऊर्जा मित्र पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।जानकारी के अनुसार रांची एरिया बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों में ऊर्जा मित्रों की तरफ से बगैर रीडिंग लिये ही बिजली बिल का विपत्र दे दिया जा रहा है।इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है. वहीं स्मार्ट मीटर लगाने के लिए भी उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।स्मार्ट मीटर घर के बाहर के दीवार में स्थापित किया जा रहा है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## क्लीनिक क्योर ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, एक सौ लोगों की हुई जांच



**रांची :** बरियातू पहाड़ के नजदीक विशाल मेगा मार्ट के पीछे नवस्थापित क्लीनिक का क्योर हॉस्पिटल की टीम की ओर से बरियातू थाना क्षेत्र के खिजूर टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था । इस शिविर में आसपास के करीब एक सौ से अधिक मरीज अपनी स्वास्थ जांच कराने पहुंचे थे। सब को निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया । जरूरत के हिसाब से निशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई । इस पूरे जांच शिविर में डॉ अल्तमस, डॉक्टर आफताब और डॉक्टर मुस्तबा सहित नर्स, हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे। क्लिनिका क्योर हॉस्पिटल टीम के द्वारा कम खर्च में बेहतर इलाज के लिए लगातार जांच शिविर एवं हर तरह के रोगों का निदान और उसका इलाज के लिए प्रतिबद्ध होकर काम किया जा रहा है।

## एमआरडी कॉलेज में मना पराक्रम दिवस

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मोती राज देवी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सांडी ओरमांझी के प्रशिक्षणार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों ने नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व से संबंधित पोस्टरों के निर्माण द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। और राष्ट्रीय आन्दोलन में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। वहीं महाविद्यालय की उप प्राचार्य आरफा सदफ ने प्रशिक्षुओं को नेता जी की निस्वार्थ सेवा देश के प्रति भक्ति, त्याग, और समर्पण की चर्चा करते हुए कहा कि किस प्रकार उनका जीवन देश के लोगो विशेषकर युवाओं में विपरीत परिस्थितियों का सामना करने और उनमें देश भक्ति की भावना का संचार करने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर मुख्य रूप से सलामी, ज्योत्सना, शाहीन, बिनीता, अनीशा, एवम शिक्षक शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

## आँगनबाड़ी सेविका के चयन पर ग्रामीणों में रोष

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्वे पंचायत के हरातु 2 लुरका में आंगनबाड़ी सेविका का चयन प्रक्रिया का सही से पालन नही किया गया। पोषण श्रेत्र कि आबादी का भी पालन नही दिया गया है। इस संबंध में बी डी ओ साहब को सिल्वे पंचायत के तरफ से आवेदन के साथ विधायक राजेश कच्छप के द्वारा उपाउक्त महोदय को भी इसके संबंध में जानकारी दी गई है। इस संबंध में मुखिया नूतन पाहन,प्रधान गोपाल मुंडा, वार्ड सदस्य रीता देवी ने कहा कि गलत चयन के खिलाफ ग्रामीणों मे बहुत रोष है।

## मृतक परिवार के दसक्रम में मदत

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्वे पंचायत मानकी ढीपा में मृतक परिवार राजेश सिंह के पूज्य माता कलावती देवी के दशक्रम में खिजरी विधायक माननीय राजेश कच्छप के सौजन्य से नामकुम् प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, पंचायत समिति सदस्य सिल्वे अरविंद लोहरा एवम श्रुति मुंडा के द्वारा सुखा रासन प्रदान किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिया भगवान से प्राथना की गई। इस अवसर पर संदीप कच्छप,कंदा देवी, मजू मुंडा,इत्यादि के अलावे सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

## परिजनों को विधायक ने बंधाया ढांढस

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड अंतर्गत कंजिया पंचायत के कंजिया गांव का जहेदा खातून का 17 वर्षीय पुत्र अयान अंसारी की मृत्यु कुछ दिन पूर्व बुढ़मू सड़क मे सड़क दुर्घटना में हो गयी। इसकी जानकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण द्वारा मिलने के उपरांत आज पूर्व मंत्री बंधु तिर्की एवं माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मृतक के आवास पहुंची, मृतक के परिवार से मिलकर ढांढस बधाया, साथ ही मदद के तौर पर कुछ सहयोग राशि दिये। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, नसीम अंसारी, सेरोफिना जी, सरिता तिग्गा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## थाना दिवस का आयोजन आज

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**चान्हो थाना परिसर में आज सीनियर एसपी के निर्देश पर थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान थाना क्षेत्र के छोटे मोटे मामले का तत्काल निष्पादन किया जायेगा। साथ ही पुराने मामलों को भी ऑन द स्पॉट निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर डीएसपी और इंस्पेक्टर भी मौजूद रहेंगे।थाना क्षेत्र के अधिकाधिक लोगों से अपनी लंबित मामला और समस्या लेकर उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

## पराक्रम दिवस मनाया गया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):**संत माइकल स्कूल मुरी में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती को पराक्रम दिवस के रूप में धुमधाम से मनाई गई। मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने नेताजी के दिए प्रसिद्ध नारे तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का जय घोष किया तथा उनके पथ चिन्हों पर चलने की कसम खाई। मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने नेता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा बच्चों को बताये कि कैसे नेताजी ने जापान के सहयोग से 1943 में आजाद हिन्द फौज का गठन किया और अंग्रेजो पर आक्रमण किया। नेताजी देश के ऐसे महानायक थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने नेताजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किये तथा बताये कि उनके संघर्षो और देश सेवा के जज्बे को देश कभी भूल नहीं सकता। इसके साथ ही स्कूल के सभी शिक्षक एंव शिक्षिकाओं ने भी नेताजी को श्रद्धांजलि दिये।

## सड़क हादसा में दो युवक घायल, दोनों रिम्स रेफर

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सोमवार को ब्रिज के समीप एक सड़क हादसा में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों में बेड़ो निवासी मनखा मुंडा निवासी 25 वर्षीय विनोद उरांव और नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी गांव निवासी 30 वर्षीय सुरेश उरांव शामिल है। इधर राहगीरों ने बताया कि सड़क चौड़ी करण के लिये बन रहीब्रिज के समीप एक ट्रेलर व बाइक के बीच टक्कर होने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप घायल हो गए। वहीं घायलों को पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने ग्रामीणो के सहयोग से ऑटो द्वारा पीएससी बेड़ो पहुंचाया। जहां डा कुसुमलता ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर मिली जानकारी के अनुसार दोनों घायल युवक रिश्ते में साढ़ू हैं। जो अपने बाइक पर सवार होकर बेड़ो से अपने भरनो की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ब्रिज के समीप ट्रेलर व बाइक सवार की टक्कर हो गई। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पुलिस ने घटना स्थल से बाईक व ट्रेलर ट्रक जप्त कर ली वही चालक को भी हिरासत में ले लिया।

# 62 वां दिन भी जारी धरना, सीसीएल अधिकारियों ने नही लिया सुध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** विस्थापित प्रभावित एकता मंच का 62 वां दिन तक निरंतर जारी धरना में मंच के अधिकारियों व सदस्यों ने बैठक चर्चा किया. बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से जिला परिषद पाश्चमी सरस्वती देवी,रैयत देवलाल गंझू व मंच का संचालन जावेद अंसारी ने किया. बैठक में मंच के द्वारा सीसीएल एनके क्षेत्र प्रबंधन को दिया गया सात सूत्री मांग पर सीसीएल प्रबंधन के ओर से अब तक कोई शुद्धी लेने वाला नही है. 62वां दिन से आहूत धरना प्रदर्शन के बाउजूद सीसीएल के कुव्यव्हार तरीके से मंच पूर्ण रूप से विरोध करता है. इस दौरान रैयत देवलाल गंझू ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए



कहा कि जब तक सात सूत्री मांग पर सहमति नहीं बनेगी तब तक धरना जारी रहेगा. पूर्व मुखिया निर्मला देवी ने कहा कि पूर्व के 17 दिनों के बंदी के बाद जिला प्रशासन माननीय पूर्व स्वर्गीय विधायक लोहरदगा कमल किशोर भगत और प्रबंधन के बीच वार्ता के बाद 440 प्रभावित घरों को उठाने को लेकर रोजगार के लिए डंम दिया गया. जिसे बरगला के चार से पाँच लोग ही अपना जेब में भर भरते हुए गरीब जनता का शुद्धि तक नहीं लिया. जिला परिषद सरस्वती देवी ने कहा कि हम जो धरना में बैठे हैं, उससे पूर्व शासन प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करा दिया था लेकिन 62वां दिनों बाद भी कोई शुद्धि लेने नहीं आए इसलिए जब तक मांग पूरा नहीं धरना नहीं हटेगा चाहे जो भी हो जाए. मौके पर फागू गंझू , शिबू महली, संतोष रजक, अर्जुन गंझू , अनिल प्रसाद, अजय गुप्ता, हरि प्रजापति, दिनेश प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, ललन सिंह, जोगेश्वर राम, तेतरी देवी, ईशा खातून, निर्मला उरांव, जॉन खलखो, शहीद अंसारी, इसराईल अंसारी, जावेद अंसारी, मोहम्मद आसिफ रिजवी, प्रीति देवी,सीमा कश्यप, रानी देवी, उपस्थित थे.

## सिकिदिरी थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सिकिदिरी थाना के प्रांगण में सोमवार को सरस्वती पूजा व गणतंत्र दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने किया। शांति समिति की बैठक में सभी समुदाय तथा शांति समिति के सदस्यों के अलावा, विधायक प्रतिनिधि, स्थानीय जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दलों ने भाग लिया मौके पर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने लोगों से अपील किया कि आपसी भाईचारे से दोनों त्योहार मनाएं।और रात दस बजे के बाद डीजे नहीं बजाए अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस बाध्य होगी। और लोगो को आश्वस्त किया कि पुलिस विधि व्यवस्था को लेकर लगातार गांव गांव में गश्ती चलता रहेगा। ओरमांझी प्रखंड सदियों से शांतिपूर्ण प्रखंड रहा है।और हमेशा रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीएवी स्कूल ओरमांझी ने मनाया नेताजी की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** डीएवी स्कूल ओरमांझी में भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक एवं आजाद हिंद फौज के सूत्रधार नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जयंती की मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या पुनम दुबे के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। वहीं प्राचार्या पूनम दूबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। जय हिंद। दिल्ली चलो, जैसे करिश्माई नारों से देश की आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताएं मार्ग पर हमें प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल है, जिनसे आज के दौर के युवा वर्ग प्रेरणा लेता है। देश की स्वाधीनता आंदोलन के नायकों में से एक नेताजी की जीवनी, उनके विचार और उनका कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। भारत सरकार नेताजी के जन्मदिन को पराक्रम दिवस के तौर पर मना रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिंकी कुमारी सिंह,ज्योति सिंह, अफसाना



परवीन, इंदु कुमारी, संगीता कुमारी, रिया वर्मा, नूतन कुमारी, अर्पना साह, रेखा कुमारी, कुसुम कुमारी, माला कुमारी, निशा कुमारी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पिपरवार एरिया क्षेत्र में मोटर ट्रांसपोर्ट कामगार युनियन का कमिटी गठन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** पिपरवार क्षेत्र के बी ओ सी बजरंग बली मंदिर प्रांगण में मोटर ट्रांसपोर्ट कामगार युनियन के केंद्रीय सचिव कॉमरेड जंगबहादु राम की अध्यक्षता में एक बैठक कर पिपरवार एरिया कमिटी का गठन किया गया. पिपरवार एरिया कमिटी गठन कर क्षेत्र के नए पदाधिकारियों व सदस्यों का चुनाव किया गया. इस दौरान केंद्रीय सचिव जंगबहादुर राम ने चयनित पदाधिकारियों व सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया. सम्मानित सदस्यों ने सिस्टाचार व्यवहार से केंद्रीय सचिव को माला पहनाकर सम्मान दिया. नई कमिटी विस्तार में अध्यक्ष संतोष प्रजापति, उपाध्यक्ष समसूल अंसारी, कमलेश विश्वकर्मा, सचिव मुनेश्वर महतो, सह



सचिव प्रेम नाथ महतो, प्रकाश महतो, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार सह कोषाध्यक्ष धीरज उराँव, संगठन सचिव मोहन प्रजापति सह संगठन सचिव अरुण महतो, कार्य कारी सदस्य रामपृत सहनी, महावीर महतो, सुरेंद्र महतो, बब्लू महतो, मेघनाथ महतो, राधे महतो, राजेश महतो, कुलदीप महतो, गड़पाती महतो, जगदीश महतो, मुमताज अली को बनाया गया.

# सशस्त्र सीमा बल और साइको थाना पुलिस ने मिलकर अवैध अफीम की खेती को किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल स्न, कंपनी हूंट और ष्ठ, कंपनी उलीहातू के सशस्त्र बल और साइको थाना के सशस्त्र बल के साथ मिलकर साइको थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाम सिल्ली, एटकेडीह दुरुडीह ईचाडीह के इलाके में भारी मात्रा में लगभग 32 एकड़ अफीम की खेती का विनस्टीकरण किया गया । इस



अभियान के दौरान D, कंपनी उलीहातू के पदाधिकारी सोमेन गोराई सहायक कमांडेंट, एवम स्न, कंपनी हूंट के पदाधिकारी अजीत कुमार उपाध्याय सहायक कमांडेंट एवं उपनिरीक्षक अग्नू उराव सहायक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, त्रिदीप देवनाथ, खेम सिंह , मुख्य आरक्षी विरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नीतीश कुमार, एवम एसएसबी के सशस्त्र बल तथा साइको थाना के सहायक उप निरीक्षक संजय सिंह तथा अन्य सशस्त्र बल शामिल रहे

## जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है : कमलेश राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सह कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कमलेश राम ने कांके प्रखंड अंतर्गत मेसरा पूर्वी पंचायत के के रूदिया पंहुचे। जहाँ पर विगत दिनों प्रीतम मिर्धा का आकस्मिक मौत हो गया था, उसके शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बधाया और श्राद्धकर्म हेतु खाद्य सामग्री का सहयोग किए। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि भाजपा की



विचारधारा है कि जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इसलिए मुझे जब भी मौका मिलता है मैं गरीबों के बीच जाकर उनकी सेवा करता हूं और आगे भी करता रहूंगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र सिंह, बालचंद साहू, सतीश बड़ाईक व अन्य उपस्थित रहे।

## एक्युप्रेसर योग परिषद में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भारतीय एक्युप्रेसर योग परिषद टाटीसिल्वे में नेता जी सुभाष चंद्र बोस कि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम कि शुरुआत नेता जी के फोटो पर श्रधा सुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के मार्ग पर चलने कि आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर मधुसुदं पांडे,किस्टो कुजु 'प्रधान चतरा पंचायत,प्रीति प्रिया, सरस्वती कुमारी, संदीप पांडे,दिनेश कुमार,अनिल सिंह,सिया राम सिंह,ऋतिक राज,दिनेश कुमार इत्यादि गण मान्य के साथ सै कडो ग्रामीण उपस्थित थे।

# टर्बो ट्रक दुर्घटनाग्रस्त में एक की मौत व पांच घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ पर चामा के निकट टर्बो(407) ट्रक दुर्घटनाग्रस्त . एक कि मौत पांच घायल. घटना दोपहर के ढाई बजे के आसपास की बताई जाती है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पलामू पाटन, नावा बाजार थाना क्षेत्र के नावा जयपुर गांव से संतोष भुइंया 407 ट्रक नम्बर जेएच01 एवी5411 लेकर रांची जा रहा था. इसी क्रम में मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ पर चामा के निकट मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर (पलट गया) दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस घटना में ट्रक पर सवार अमरदेव भुइंया उर्फ बतेश्वर भुइंया की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी. घटना में गारद भुइंया, अंता भुइंया, जोगिंदर भुइंया, जितेंद्र भुइंया गंभीर रूप से घायल हो गये वहीं ट्रक चालक संतोष भुइंया को हांथ में गंभीर चोट लगी और अनिल भुइंया आंशिक रूप से चोटिल है. चालक सहित सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं, और मजदूर वर्ग से आते हैं. जानकारी के अनुसार सभी लोग मजदूरी करने विजयवाड़ा जाने के लिये निकले थे. घटना की सूचना मिलने पर मैक्लुस्कीगंज व चामा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना में घायल सभी को तत्काल अस्पताल भेज दिया. दुर्घटना के कारणों का पुलिस छानबीन कर रही है, उधर घटना में ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया.

## प्रखंड स्तरीय बैठक सह कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता बैठक सह कार्यशाला का आयोजन सोमवार को इटकी के कुंदी मैदान में आयोजित किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की उपस्थित हुए. मौके पर श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में 9 फरवरी से कांग्रेस पार्टी की ओर से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी. इसके तहत कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं व पार्टी की नीति सिद्धांत व उपलब्धियों की जानकारी जन - जन तक पहुँचाना है. कांग्रेस का सपना है सरकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. उन्होंने इसके लिए रणनीति बनाने का भी निर्देश जारी किया. श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए हजारों कुर्बानियां दी है. और अभी तक दे ही रहा है. भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज महंगाई आसमान छू रहा है. बेरोजगारी बढ़ रही है और कंपनियां उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है. इसीलिए जनता को अब



जागने की जरूरत है. साथ ही साथ कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अल्प अवधि में विधानसभा में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई. साथी ही पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ताओं में त्याग व समर्पण की भावना जागृत करने की जरूरत है. मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया रमेश महली, राजन किस्पोट्टा, अथहर इमाम, बलराम गोप, अबू माज, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, लखन लकड़ा,उरूज अंसारी, अब्बास अंसारी, अबरार इमाम, अहमद अंसारी, भानु सिंह, श्वेता मिंज, अजय गोप, राजकुमार, घुमा सिंह,ताहिर अंसारी, फिरोज आलम, मोहित गोप, आकाश, सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## स्वास्थ्य सहीयाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखण्ड के स्वास्थ्य सहियाओं ने अपनी मांगों को लेकर सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के मुख्य गेट के समीप सोमवार से हड़ताल पर बैठ गए। सहियाओं ने कहा कि हमारी मांगे झारखंड सरकार से है। अभिलंब हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाएंगे। पूरे झारखंड राज्य के स्वास्थ्य सहीया दीदीयों ने सोमवार से हड़ताल जारी की है और कहा कि हम लोग 20 साल से काम कर रहे हैं और सिर्फ दो हजार



रुपया मिलता है। घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई ठीक से नहीं हो पा रही है। पूरे झारखंड राज्य के स्वास्थ्य सहिया दीदीयों ने सोमवार से मानदेय बढ़ाने को लेकर अपने अपने क्षेत्र में हड़ताल में बैठ गई है।

## बेलटांड़ में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के बेलटांड़ चौक परिसर में सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती कार्यक्रम आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता नेताजी सुभाष संस्कृति मंच के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने की। इस दौरान मंच के सदस्यों समेत दर्जनों लोगों ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात गोलकुंडा, पुरुलिया स्थित मां शारदा ड्रेस हाउस के कलाकारों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत की। मौके पर मंच के सदस्य मंटू चरण दत्त ने कहा कि देश की आजादी में प्रमुख योगदान देने वाले सुभाष चंद्र बोस की जयंती को आज पूरे भारतवर्ष में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह के तहत ही यहां बांग्ला भाषा-संस्कृति की रक्षा हेतु सात रात्रि बांग्ला जात्रा उत्सव का आयोजन हो रहा है । महासचिव बृंदावन दास ने कहा कि पिछले 19 जनवरी से बेलटांड़ चौक में जारी जात्रा उत्सव का आज पांचवां दिन है और आज पोखरिया स्टार शिल्पी संघ के कलाकारों द्वारा 卐दादा भगवान भाई शैतान卐 नामक जात्रा का मंचन किया जाएगा। रविवार को पटमदा के मिलनी नाट्य संस्था द्वारा प्रदर्शित सूर्य फिरेछे मायेर कोले कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के मंत्री श्रीकांत महतो व अन्य अतिथियों ने कलाकारों एवं मंच के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया जो बड़ी उपलब्धि है। मौके पर मुख्य रूप से शिशुपाल सिंह सरदार, सुरेंद्र प्रमाणिक, प्रवीण मल्लिक, सुनील कुमार, सुधांशु महतो, लालमोहन राय, लक्खी राय, प्रमोद महतो, हृदय कुंभकार, काजल गोप व गणेश रुहिदास आदि मौजूद थे।

## नेताजी जयंती पर कांड्रा में 'प्लस टू' विद्यालय स्थापना की मांग हेतु जन जागरण अभियान शुरू



**कांड्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को कांड्रा स्थित हनुमान मंदिर से जन जागरण अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य कांड्रा में प्लस टू विद्यालय की स्थापना कराना है। बताया गया है कि इसके लिए आसपास के पंचायत डुमरा, रापचा, बुरुडीह, कांड्रा समेत सरायकेला और चांडिल प्रखंडों के भी कई पंचायतों में मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित मांग पत्र पर स्थानीय लोगों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। लगभग एक माह तक चलने वाले इस अभियान के समापन पर जिले के उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी कामदेव महतो ने बताया कि सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत कांड्रा एक सघन आबादी वाला क्षेत्र है और लगभग आधा दर्जन से अधिक पंचायतों का केंद्र है। कांड्रा में वर्तमान में सिर्फ दसवीं तक की ही पढ़ाई की सुविधा बहाल है। इसके ऊपर शिक्षा प्राप्त करने के लिए यहां के बच्चों को काफी दूर सरायकेला, चांडिल अथवा जमशेदपुर जाना पड़ता है। अभियान की शुरुआत में स्थानीय लोगों के साथ- साथ कई राजनीतिक और सामाजिक संगठन के लोगों ने भी शिरकत किया। इस मौके पर विहिप संगठन मंत्री आनन्द कुमार, जिलाध्यक्ष राजू चौधरी, बीएन सिंह, कामदेव महतो, मुन्ना मंडल, राजू वर्मा, शंकर महतो, राजेश साव, चेतन महतो, विनोद सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## गौड़ सेवा संघ के मिलन समारोह में शामिल होने राजनगर से निकला जनसैलाब



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गौड़ सेवा संघ द्वारा आयोजित 32वां संकल्प दिवस समारोह का आयोजन सरायकेला टाउन हॉल में की गई है। जिसको लेकर गौड़ समाज के सदस्य रैली के रूप में राजनगर के बड़ा सिजुलता से सरायकेला पहुंचे। वहीं राजनगर प्रखंड के बड़ा सिजुलता में गौड़ समाज के सैकड़ो सदस्य एकजुट हुए ,वहीं बड़ासिजुलता में गौड़ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अशोक प्रधान के नेतृत्व में कई गांव सदस्य गण पहुंचे। जहां गौड़ सेवा संघ के केंद्रीय अध्यक्ष चतुर्भुज बारिक, केंद्रीय उपाध्यक्ष हरे कृष्णा प्रधान, केंद्रीय सचिव नीबू प्रधान समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि गौड़ सेवा संघ द्वारा सरायकेला टाउन हॉल में 32 वां संकल्प दिवस का आयोजन किया गया, जहां गौड़ समाज के सदस्यों ने अपनी एकजुटता को दर्शाया। वहीं समाजहित एवं कई बिंदुओं पर विचार विमर्श कर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए रूप रेखा रखी गई।

## मंत्री चम्पई सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए शिवमंदिर में जलाभिषेक



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोनबनी पंचायत के राजाबासा में मुखिया नमिता सोरेन की अगुवाई में सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों राजाबासा शिवमंदिर में जलाभिषेक कर मंत्री चम्पई सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उपस्थित मुखिया नमिता सोरेन ने कहा मंत्री जी के आस्वस्थ होने के बाद राजनगर प्रखंड क्षेत्र में उनके चाहने वाले काफी चिंतित एवं दुखित है। और जगह जगह उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की जा रही है। इस मौके पर जोनबनी पंचायत की मुखिया नमिता सोरेन उप मुखिया सोमवारी उरांव,सुमित्रा मार्डी,कपुरा सोरेन,बुधेस्वर सोरेन,भोलानाथ मार्डी,सोमाय मुर्मु,लखिन्द्र सरदार,दसमत टुडु,समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बनकटी डास्ट प्लांट के मनमानी रवैया से ग्रामीण परेशान, उठे विरोध के स्वर



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत बनकटी स्थित (मुख्य मार्ग के समीप) काला डास्ट फैक्टरी में रविवार को ग्रामीणों ने प्लांट के बाहर धरना देते हुए कंपनी के मनमानी रवैये को बंद करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्लांट से निकलने वाले वेस्टऐज राख को कंपनी संचालक द्वारा मनमानी तरीके से कहीं भी फेंक दिया जा रहा है। कभी हरे-भरे मैदान में तो कभी सड़क किनारे ,खेतों में ,तालाब किनारे। कई बार मना करने के बावजूद भी डस्ट फेकने का कार्य रुक नहीं रहा है। जिससे हम सब बनकटी गांव के ग्रामीण काफी परेशान है। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधक को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक ध्वनि एवं वायु प्रदूषण को नही रोकती है तबतक प्लांट बंद रहेगा ।

## टिन्पलेट अस्पताल का वार्षिक वनभोज



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टिन्पलेट अस्पताल (टीसी जोन ट्रस्ट) के द्वारा कल 22 जनवरी को वार्षिक वनभोज का आयोजन किया गया, जिसमे सभी कर्मचारी एवं डॉक्टरों ने बढ़-चढ़कर इस वनभोज का आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अस्पताल के डायरेक्टर ऑफ चीफ मेडिकल सर्विसेज रेखा सिंह एवं ट्रस्ट के सेक्रेटरी डॉक्टर रोहित सम्मिलित हुए।

## बिष्टुपुर के रोड श्रीलेदर्स में मना नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वी जयंती

# आर्थिक आरक्षण से ही देश बनेगा शक्तिशाली : शेखर डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक अनन्त व्यक्ति थे जिनकी तुलना किसी से नहीं हो सकता है। हमें सिर्फ उन्हें एक सैनिक के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि उनकी सोच आजादी के बाद देश कैसा हो उसका अनुश्रण करना चाहिए। ब्रिटिश हुकूमत ने दुनिया में जहां भी राज की है वहां से तो वो चले गये है लेकिन उसकी नीति फूट डालो और राज करो आज भी कायम है। उक्त बातें समाजसेवी सह सुभाष संस्कृति परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने आज बिष्टुपुर के रोड स्थित श्रीलेदर्स के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वी जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अपने संबोधित में कहा। श्री शेखर डे ने कहा कि नेता जी चाहते थे एक शक्तिशाली भारत बनाने के लिए जिसमे जात-पात, ऊंच नीच, धर्म से ऊपर उठकर कर आर्थिक आधार पर लोगों को आरक्षण मिले। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सही मूल्यांकन नहीं हुआ है। आज भी हम राजनीति जाति और धर्म के नाम पर कर रहें है जिससे देश कमजोर होता। इससे पूर्व सुभाष संस्कृति परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, परिषद के बिमल रॉय, भास्कर मित्रा, पूरबी घोष, प्रीती लेखा रॉय, मीरा शर्मा, बारून डे और सुभाष त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रीलेदर्स परिवार के सदस्य, कर्मचारी के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ज्योत्सना डे ने बच्चों संग मनाया नेताजी की जयंती



बिष्टुपुर क्यू रोड स्थित जमशेदपुर महिला समिति में भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वी जयंती मनाया गया। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे की पत्नी ज्योत्सना डे ने स्कूली बच्चों संग नेता को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके बताए रास्ते पर चलने की सीख दी। इस अवसर पर जमशेदपुर महिला समिति के सदस्यों और स्कूल के बच्चें उपस्थित थे।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने की मानगो फ्लाई ओवर कार्य प्रगति हुई समीक्षा

## टाटा स्टील और आरसीडी जिला प्रशासन के साथ करेगी जॉइंट सर्वे, सेंट्रल बर्ज की होगी समीक्षा, 15 दिनों में सर्वे होगा पूरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज स्थानीय परिसदन में मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में आरसीडी के वरीय अधिकारियों, टाटा स्टील, जुस्को और जिला प्रशासन के साथ मानगो फ्लाई ओवर निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में डिजाइन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें सभी पक्ष ने सैधान्तिक रूप से सहमति दी, लेकिन कुछ पॉइंट्स पर जो कमी पाई गई उसे लेकर तय किया गया कि टाटा स्टील, जिला प्रशासन और आरसीडी की टीम संयुक्त रूप से 15 दिनों में जॉइंट रूप से सर्वे का काम पूरा कर जो रिपोर्ट देगा उसके अनुसार जरूरत हुआ तो डिजाइन में आंशिक रूप से बदलाव किया जायेगा, वरना आगे कार्ययोजना के लिए अग्रसरित किया जायेगा।

बैठक के दौरान चर्चा हुई कि फ्लाई ओवर निर्माण के लिए कुछ नए स्थानों पर भी सोईल टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया जायेगा, साथ ही विभिन्न स्थानों पर टू लेन सर्विस, फोरलेन सर्विस के वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विस्तृत विचार किया गया।

इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि किसी भी बड़े कार्य को धरातल पर उतरने के लिए थोड़ा समय लगता है, लेकिन इस समय का सदुपयोग हो इसके लिए लगातार हम समीक्षा कर रहे है, हर बाधा विघ्न को पार करते हुए 3 महीने के भीतर फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य शुरू होगा ऐसा हमें विश्वास है।

इस बैठक में आरसीडी के सीडीओ, टाटा स्टील के प्रणय सिन्हा, अमित सिंह जुस्को के ऋतुराज सिन्हा, कैप्टन धनंजय मिश्रा, एडीएम लॉ एन्ड ऑर्डर, जमशेदपुर अशेष के कार्यपालक पदाधिकारी और मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टाटा स्टील के लौह अयस्क व मैंगनीज माइंस ने एमईएमसी सप्ताह में 12 पुरस्कार जीते




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), भुवनेश्वर क्षेत्र के तत्वावधान में रविवार को आयोजित 24वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (एमईएमसी) सप्ताह, 2022-23 में ओडिशा में टाटा स्टील की आयरन ओर तथा मैंगनीज माइंस को 12 पुरस्कार प्राप्त हुए। टाटा स्टील की जोड़ा ईस्ट आयरन ओर माइन को ग्रुप -1 श्रेणी के तहत खनिज संरक्षण में प्रथम, समग्र प्रदर्शन में द्वितीय और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में तृतीय पुरस्कार, खोंदबोंद आयरन और मैंगनीज माइंस को खनिज संरक्षण में द्वितीय और खनिज परिष्करण में तृतीय पुरस्कार और टाटा स्टील की काटामाटी आयरन माइन ने पर्यावरणीय निगरानी में द्वितीय पुरस्कार जीता। ग्रुप-4 में जोडा वेस्ट मैंगनीज माइन को वनीकरण में प्रथम, समग्र निष्पादन में प्रथम, रिक्लेमेशन एवं रिहैबिलिटेशन में द्वितीय और प्रचार प्रसार में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार, बामेबारी माइन को डंप रिक्लेमेशन में प्रथम पुरस्कार और तिरिंगपहाड़ माइन को खनिज परिष्करण में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में, अभिषेक पांडा, सीनियर मैनेजर (माइनिंग), खोंदबोंद माइन को 卐पर्यावरण बंधु卐 पुरस्कार मिला। संबंधित खानों के अधिकारियों ने आईबीएम के चीफ कंट्रोलर ऑफ माइंस (स्वतंत्र प्रभार) पंकज कुलश्रेष्ठ से पुरस्कार प्राप्त किए।

## चौदह सूत्री मांग लेकर साहियाएं बैठी अनिश्चिततकालीन हड़ताल पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मानदेय में बढ़ोतरी समेत अन्य चौदह सूत्री मांगों को लेकर झारखण्ड प्रदेश साहिया संघ के आह्वान पर सोमवार से राज्यभर की साहियाएं अनिश्चिततकालीन हड़ताल पर चली गई है। इससे पूर्व अनुबंध चिकित्साकर्मियों का हड़ताल भी विगत एक सप्ताह से जारी है। इससे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। इधर, हड़ताल के पहले दिन गम्हरिया प्रखंड की साहियाओं ने सोमवार को गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। इस मौके पर साहियाओं ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उनकी प्रमुख मांगों में प्रोत्साहन राशि के बदले प्रतिमाह 18 हजार रुपए फिक्स्ड मानदेय राशि देने, 24 दिन के कार्यदिवस को बढ़ाकर 30 दिन करने व 24 हजार मानदेय भुगतान करने, साहियाओं को राज्यकर्मी का दर्जा देने, 10लाख रुपए बीमा से आच्छादित करने, वर्ष में दो बार ड्रेस देने, हर साहिया को टैब व स्कूटी प्रदान करने, हेल्थ कार्ड जारी करने आदि शामिल है। इस दौरान प्रखंड की सभी साहियाएं उपस्थित थी।

## अभाविप ने धूमधाम से मनाया नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती




**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह पंचायत भवन में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरायकेला खरसावां के द्वारा भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरुलडीह पंचायत के मुखिया रामबालक सिंह मुंडा के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। अभाविप के कोल्हान विभाग संयोजक विकास ठाकुर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज 23 जनवरी को 126वीं जयंती है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल है जिनसे आज के दौर का युवा वर्ग प्रेरणा लेता है। वहीं मुखिया श्री मुण्डा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से टिंकू कालिंदी, जदुनाथ कोइरी, सुभाष कालिंदी, पवन साहू, नबकिशोर सिंह, वीरेन कालिंदी, बबलू कालिंदी आदि उपस्थित थे ।

## नवम खेलकूद प्रतियोगिता में जगुआर हाउस बना ओवरऑल विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जेवियर स्कूल गम्हरिया में जूनियर बच्चों के लिए नवम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ, 157 बटालियन के कमांड ऑफिसर भूपाल सिंह और सम्मानित अतिथि के रूप में ,सीआरपीएफ, 157 बटालियन ऐडजुटेंट मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि सेंट्रल पब्लिक स्कूल,आदित्यपुर की प्रधानाचार्य मौसमी विशिष्ट अतिथि मौजूद थी। प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथियों द्वारा गुब्बारा उड़ाकर किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के एकल व ग्रुप प्रतियोगिता और पिरामिड निर्माण कर किया जबकि छात्राओं द्वारा जुंबा डांस प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ फादर टोनी राज एसजे ने अपने सम्बोधन में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि भूपाल सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि और सम्मानित अतिथियों ने भी संबोधित किया। अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें जगुआर हाउस को सर्वश्रेष्ठ विजेता घोषित किया गया जबकि लेंपर्ड हाउस की टीम दूसरे स्थान पर रही।

## नेताजी शुभाष मेला में उमड़ा जनसैलाब, टुसूओं को किया गया पुरस्कृत



**तिरलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तिरलडीह थाना क्षेत्र से सटे बंगाल सीमा के सुईसा में आयोजित क्षेत्र के सुप्रसिद्ध शुभाष मेला में आज हजारों की संख्या में पुरुष, महिला और बच्चे सहित झारखंड बंगाल व उड़ीसा के दर्शक उमड़ पड़े। यह मेला 21 जनवरी से लेकर 23 जनवरी तक नाच गाना, झुमुर संगीत सहित कई प्रकार का आयोजन किया जाता है। वही आज 23 जनवरी को नेताजी शुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर टुसु प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया गया जिसमें कमिटी की और से टुसूओं को पुरस्कृत किया गया। पार्वती महतो को प्रथम, मलुन्द्रा सिंह को द्वितीय, गायित्री महतो को तृतीय एवम सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मेला कमिटी के अध्यक्ष जयसिंग महतो ने बताया कि यह मेला विगत 27 वर्ष से आयोजन किया जाता रहा है। जिसमे बंगाल,बिहार,झारखंड एवम झारखंड के दर्शकों उमड़ पड़ते है।

## तिरूलडीह में झारखंड राज्य स्तरीय शूटिंगबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखंड के विप्लवि किशोर संघ कुदा, तिरूलडीह के फुटबॉल मैदान में जिला शूटिंगबॉल संघ सरायकेला द्वारा आयोजित 5वां झारखंड राज्य स्तरीय शूटिंगबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न जिले के सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि तिरूलडीह थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर अभाविप के कोल्हान संयोजक विकास ठाकुर, झारखंड शूटिंगबॉल संघ के सचिव चंदन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रवि कुमार सिंह, अध्यक्ष अमलेश सिंह जो की रेफरी की भूमिका में थे।

## महापुरुषों के जीवनी पर आधारित एक संग्रहालय एवं वचनालय बनायेगें : मंत्री



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेताजी विचार मंच कदमा के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी जैसे देश के महान सपूत पूरे विश्व में बिरले ही देखने को मिलते हैं, उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण और त्याग की भावना सदैव अनुकरणीय है द्य उन्होंने हमेशा राष्ट्र को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया। आज के प्रत्येक नागरिक और खासकर युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए एवं सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका अदा करना चाहिए। वहीं ने मंत्री बन्ना गुप्ता ने राष्ट्र एवं राज्य के महापुरुषों के जीवनी पर आधारित एक संग्रहालय एवं वचनालय बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन नेताजी विचार मंच के सचिव मनोज झा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पकरासी दा ने किया ।

## भुईयाडीह में निकली प्रखंड स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर के निर्देशनुसार गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन प्रखंड अध्यक्ष लकी शर्मा के नेतृत्व मे निकाली गई। यात्रा भुईयाडीह स्थित बाबूडीह लाल भट्ठा से प्रारंभ होकर कानू भट्ठा शांति नगर होते हुए भुईयाडीह ग्वाला बस्ती चौक में पदयात्रा का समापन हुआ। जिसमे जनता के बीच नुक्कड सभा, पंपलेट वितर किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रभारी प्रमोद मिश्रा, कांग्रेस नेता राजा सिंह राजपूत, प्रखंड उपाध्यक्ष नरेश सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष हरे कृष्णा लोहार के अलावा कई प्रखंड अध्यक्ष एवं संगठन के नेता शामिल हुए।

**संक्षिप्त खबरें**

## आपसी गाली गलौज व मारपीट को लेकर मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव निवासी मिना देवी पति राजेंद्र दास अपने गोतिया के पांच लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराया है जिसमें लिखा है कि अभियुक्त लोग में गाली गलौज कर मारपीट करके जख्मी कर दिया है।जिसे लेकर के गिद्धौर थाना कांड संख्या 11/23 में मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्त बालेश्वर राम, प्रकाश राम किशुन राम दोनों के पिता बालेश्वर राम एवं बालेश्वर राम के पोता दीपक राम एवं पोती मधु कुमारी का नाम दर्ज है। जिसमें धारा 341, 323, 307, 504, 506, एवं 34 भादवी के तहत मामला दर्ज करवाया गया है। मामला दर्ज होते ही गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल दल बल के साथ मामले की तहकीकात कर रहे हैं।

# ईनामी माओवादी गौतम पासवान के दस्ते और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** नक्सल मुक्त झारखंड व चतरा बनाने को ले संकल्पित पुलिस ने एक बार फिर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक निर्देशन में नक्सली संगठनों के खिलाफ पीतरका कारवाई की जा रही है। इस दिशा में पुलिस को नक्सली संगठनों के विरूद्ध निरंतर सफलताएँ भी मिल रही है। चतरा एसपी राकेश रंजन के गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन के इनामी गौतम पासवान, रिजनल कमाण्डर नवीन यादव एवं जोनल कमाण्डर मनोहर (10 लाख ईनामी) के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु 20-25 की संख्या में कुन्दा एवं सावाली थाना के जंगली क्षेत्र में एकत्रित हुये है। इस सूचना का सत्यापन हेतु एक टीम का गठन किया गया, जिसमें चतरा पुलिस, कोबरा 203 सी0आर0पी0एफ0 190/22 बटा0 को शामिल किया गया था। उक्त अभियान दल अभियान के क्रम में जैसे ही ग्राम-मरगडा के जंगली क्षेत्रों में पहुंचे तो अचानक पुलिस को अपनी और आता देख नक्सलियों के द्वारा पुलिस पार्टी को लक्षित कर फायरिंग की जाने लगी। पुलिस बल द्वारा कार्रवाई करते हुए नियंत्रित फायरिंग की गई। भा0क0पा0 माओबादी जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की जाने वाली दिशा में चेकिंग किया गया और माओवादियों। के ट्रेनिंग कैम्प को सुरक्षा बल के द्वारा नष्ट किया गया तथा कई सामान बरामद हुआ है। वर्तमान में इन क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। बरामद सामानों में स्लीपिंग बैग-06 पीस, तिरपाल 10 पीस, बहुत मात्रा में दवाईयों एवं इंजेक्शन सिरिज पीठू बैग, रेडियो एवं दैनिक उपयोग की जाने वाले सामाग्री शामिल है। भाकपा माओवादी के जोनल कामण्डर मनोहर गंझू उर्फ रमेश उर्फ किसमिस उर्फ दिनेश गंझु (10 लाख ईनामी) के दस्ता के साथ पूर्व में दिनांक 18.09.2022 को मुठभेड़ हुई थी, जिसमें सी0आर0पी0एफ0 के एक जवान शहीद हुये थे। चतरा पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे लगातार अभियान एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर दिनांक 29.11.2022 को भा0क0पा0 माओवादी संगठन के मनोहर गंझ दस्ता का एरिया कमाण्डर कमलेश यादव के द्वारा चतरा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया तथा भा0क0पा0 माओवादी संगठन के कई नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।नक्सलियों से अपील, छोड़ें हथियार समाप्त हो चुका है साम्राज्य। चतरा पुलिस का नक्सलियों से अपील है कि नक्सलियों का समय खत्म हो चुका है। ये किसी न किसी दिन पुलिस की गोली का शिकार होगे। इससे पूर्व यह आवश्यक है कि ये झारखण्ड पुलिस के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़े अन्यथा कढ़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। साथ ही जिस तरह से ईनामी नक्सली गौतम पासवान एवं सहदेव यादव एवं अन्य नक्सलियों के घरों की कुर्की की गयी है. उसी तरह शेष याति फिसर नक्सलियों के विरुद्ध कुकी की कार्रवाई की जायेगी।टीम में शामिल संतोष कुमार सहायक समादेष्टा 203 कोबरा , शिरल निखिल सहायक समादेष्टा 203 कोनरा, ची कलीउल्ला सहायक समादेष्टा 190 बटाव सीआरपीए दुर्गेश कुमार, सहायक समादेष्टा 22 सीआरपी के अलावे अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## समारोह पूर्वक मनाई गई नेता जी सुभाष चंद्र बोष की जयंती

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक पर मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और जयकारे लगाए गए। मौके पर मौजूद एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने मल्यार्मन किया तत्पश्चात बीडीओ नीतू सिंह सीओ छुटेश्वर दास इंस्पेक्टर केपी चौधरी थाना प्रभारी विवेक कुमार प्रमुख रोहन साव उपप्रमुख दामोदर गोप मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद महतो मुखिया अनीता देवी, सुधीर सिंह,शकुंतला देवी जेएमएम प्रखंड सचिव भूपेन्द्र ठाकुर आदि ने सम्मान पूर्वक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस बीच नेता जी के सम्मान में नारे बुलंद किया गया।समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नेताजी राष्ट्र के एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बहूमूल्य योगदान दिया। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी अगुवाई व फ़ौज को आगे बढ़ने का के अलावे उनकी काफी भूमिका रही है। जिसके कारण आज देशवासी आजाद भारत में आजादी का सांस ले रहे हैं। मौके पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## आजसू जिला सचिव के परिजन के अग्नि संस्कार में पहुंचे आजसू नेता मनोज चंद्रा



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के आजसू पार्टी जिला सचिव बैद्यनाथ कुमार दांगी के दादा सोमर महतो का देहांत रविवार देर रात 10:00 बजे हो गई।वह भी एक सामाजिक व्यक्ति थे। जिनकी दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल आजसू पार्टी सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक देवचरण दांगी राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र कुशवाहा, आजसू प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा, आजसु प्रखंड अध्यक्ष बहादुर दांगी, निरंजन दांगी, मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र दांगी व विभिन्न राजनीतिक दल के सम्मानित प्रतिनिधिगण, गांव के प्रबुद्ध लोगों पत्रकार बंधु व अन्य शामिल हुए।

## प्रखंड कार्यालय समेत प्रखंड के शिक्षण संस्थानों में मनाया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प चढ़ाए। तत्पश्चात प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, इंटर कलेक्टर साहब गांव का किला पंचायत समिति सदस्य प्रदीप सिंह समेत प्रखंड कार्यालय कर्मियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प चढ़ाए तो वहीं प्रखंडभर के सभी शिक्षण संस्थाओं में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। प्रखंड के कर्मा में संचालित स्वामी विवेकानंद शैलजा गिरजा उच्च विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी चंद्रवंशी शिक्षक पवन शर्मा रामखेलावन शर्मा अशोक साव एनाउल रहमान सरोज गुप्ता समेत अन्य शिक्षकों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाले। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विकास डालते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक रखने के लिए उसने कहा कि इसके विश्वविद्यालय और इसी दौरान जापान के सहयोग से नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजी हुकूमत की जडें उखाड़ दी। शिक्षक पवन शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस साजिश के तहत अगर लापता ना हुए होते तो देश 1947 से पहले ही आजाद हो गया होता। आपको बता दें कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती प्रत्येक वर्ष है पराक्रम दिवस के रुप में मनाया जाता है।

## चतरा कॉलेज के बीएड संभाग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा कॉलेज, चतरा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बी एड संभाग के द्वारा सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत नेता सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो.अमित कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में चतरा कॉलेज चतरा के प्राचार्य डॉ आर पी राय, बी एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह, अंग्रेज़ी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनीष दयाल, मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार झा के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित वक्ताओं ने अपने व्याख्यान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी और उनके बलिदानों को स्मरण किया। उन्होंने उनके जीवन से प्रेरणा ले कर उसे अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। जिससे छात्र- छात्राओं को मनोबल एवं प्रेरणा मिला। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अतुल अनुराग तिर्की ने किया। मौक़े पर बीएड संभाग से डॉ मुमताज़ अंसारी, प्रो . कंचन सोय, प्रो.ग्लोरिया ग्रेस होरो, बीसीए से श्रेया प्रकाश, हीरामन जी, इंटर संभाग से मुकेश और विभिन्न विभागों से छात्र- छात्रायें उपस्थित थे।

## शिक्षित व्यक्ति से ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है : एसपी



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षित व्यक्ति के अभाव में सभ्य समाज की कल्पना नहीं किया जा सकता है। चतरा में अब शैक्षणिक संस्थानों की कमी धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। विद्यार्थियों को हर स्तर की शिक्षा पाने का अवसर मिल रहा है।उक्त बातें नीलांबर पितांबर पब्लिक स्कूल का आठवां वर्षगांठ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने सम्बंधित करते हुए कहा ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बिरजू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे बड़ा साधन है। गांव स्तर पर अच्छी शिक्षा का माहौल बन जाए तो उग्रवाद जैसी समस्याओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। शिक्षा से ही क्षेत्र का विकास संभव है। दो रोटी कम खाए लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाने पर बल दिया। स्कूल के छात्र छात्राओं एक से बढ़कर एक नृत्य एंव नाटक प्रस्तुत किये। अतिथियों के द्वारा नीलांबर पितांबर तथा सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुमताज आलम ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सचिव श्री जगदीश भोक्ता ने किया।

## यदुवंशियों ने शरद यादव के देहांत पर दो मिनट का शोक संवेदना किया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सलगा गांव के शिव मंदिर प्रांगण में यदुवंशियों ने यादव समाज के प्रखंड अध्यक्ष हेमंत यादव के अध्यक्षता में शरद यादव के 12 जनवरी की हुए देहांत के बाद लोगों ने शोक संवेदना जाहिर कर 2 मिनट का मौन रखा एवं आत्मा को शांति मिले इसके लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया मौके पर उपस्थित जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव 20सुत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव बिंदेश्वरी यादव शिक्षक दीपेश्वर यादव पूर्व उप प्रमुख कोमल यादव बद्री यादव देव कुमार यादव शिक्षक मुनेश्वर यादव व अन्य यादव समाज के लोग शोक संवेदना में शामिल थे।

## नेता सुभाष चंद्र बोस स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी नेता : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। उन्होंने आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया। उनके जय हिन्द का नारा दिया गया और यही नारा हिंदुस्तान का राष्ट्रीय नारा बन गया। उन्होंने कहा था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा यह नारा भी सर्वाधिक प्रचलन में था। देश वासी उन्हें नेता जी के नाम से जानते हैं। उक्त बातें डीसी अबू इमरान ने आज नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती के अवसर पर नेता जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद कहा।डीसी श्री इमरान ने प्रतापपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के फोटो पर माल्यार्पण करते हुए उनको श्रद्धाजंली दे कर शत शत नमन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि देश के आजादी की संघर्ष में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की कठिन त्याग, संघर्ष, वीरता जैसे जीवन मूल्यों से हमे सीख लेने की जरूरत है। सम्पूर्ण देश उनके शहादत का ऋणी है और रहेगा।

## उपायुक्त अबु इमरान ने प्रत्तापुर प्रखंड क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान ने प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम में प्रत्तापुर प्रखंड के जोगियाडीह पंचांत में संचालित आवास योजना के प्रगति का जायजा लिया। वही मौके पर उन्होंने मध्य विद्यालय डुमरी पहुंच छात्र छात्राओं को पठन पाठन से संबंधित मिलने वाली सामग्री एवं पठन पाठन की गुणवत्ता की जानकारी भी छात्र छात्राओं से ली।साथ ही उपायुक्त ने चल रहे क्लास रूम में घुस छात्र छात्राओं के जीवन के लक्ष्य की जानकारी लेते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रतापपुर पहुंच प्रखंड सह अंचल कार्यालय का जायजा लिए एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात प्रतापपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत स्थित बड़ा तालाब का निरीक्षण कर तालाब के सौंदर्यकरण करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर को निर्देशित किया।

# समारोह पूर्वक मनाई गई नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक पर मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और जयकारे लगाए गए। मौके पर मौजूद एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने मल्यार्मन किया तत्पश्चात बीडीओ नीतू सिंह सीओ छुटेश्वर दास इंस्पेक्टर केपी चौधरी थाना प्रभारी विवेक कुमार प्रमुख रोहन साव उपप्रमुख दामोदर गोप मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद महतो मुखिया अनीता देवी, सुधीर सिंह,शकुंतला देवी जेएमएम प्रखंड सचिव भूपेन्द्र ठाकुर आदि ने सम्मान पूर्वक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस बीच नेता जी के सम्मान में नारे बुलंद किया गया। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नेताजी राष्ट्र के एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बहूमूल्य योगदान दिया। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी अगुवाई व फ़ौज को आगे बढ़ने का के अलावे उनकी काफी भूमिका रही है। जिसके कारण आज देशवासी आजाद भारत में आजादी का सांस ले रहे हैं। मौके पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# राजद प्रखंड कमेटी में दो फाड़ पूर्व प्रखंड कमेटी ने जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत पुराने ब्लॉक परिसर में राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अलीहसन अंसारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड कमेटी के बारह पंचायत अध्यक्षों के साथ वरिष्ठ नेता विक्टर करकेट्टा की उपस्थिति रही। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अलीहसन अंसारी ने कहा कि हाल ही में जिला कमेटी के द्वारा बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष के रूप में आदित्य यादव को मनोनीत किया गया है जो कहीं से नियम संगत नहीं है क्योंकि इसके पूर्व में राजद प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव प्रवेक्षक के उपस्थिति में किया गया था पर सहमति नहीं बनने से चुनाव स्थगित कर दिया गया था। जहां प्रखंड कमेटी से बगैर सूचना और बिना रायसुमारी के तत्काल जिला कमेटी के द्वारा बिना सोचे समझे साजिश के तहत आदित्य यादव को प्रखंड अध्यक्ष बना दिया गया जिसका प्रखंड कमेटी के द्वारा निंदा करते हुए विरोध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही ग़लत तरीके से जिला कमेटी के द्वारा किए गए घोषणा को वापस नहीं किया जाता है तो हम सभी राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला अध्यक्ष के गलत फैसले के विरुद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं इस संबंध में ऐसा देखा जा रहा है कि प्रखंड में राजद संगठन दो फाड़ में बंट गया है। बताते चलें कि हाल ही में राजद जिलाध्यक्ष और जिला कमेटी के रायसुमारी से राजद प्रखंड अध्यक्ष के रूप में आदित्य यादव को मनोनीत किया गया है। मौके पर संजय कुमार वर्मा, मुस्लिम खां, अख्तर हुसैन, नन्हकु सिंह ,छट्ठु सिंह, रंजीत प्रसाद , मुन्नी लाल, हरखू प्रसाद, विनय कुमार सिंह, शकील अंसारी, अबरार अंसारी, सोनु कुमार पंचायत अध्यक्षों के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नेताजी जयंती के मौके पर सुभाष चौक पर नेता जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नेताजी सुभाष जयंती कमेटी रामगढ़ की ओर से सोमवार को दिन के 12:00 बजे नेताजी सुभाष चौक रामगढ़ पर स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया । इस मौके पर नॉमिनेटेड मेंबर ऑफ कैंटोंमेंट बोर्ड की कृति गौरव, बजरंग महतो, गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह, कमल बगड़िया, अंकित सिंह कारला, करमजीत सिंह जग्गी, समाजसेवी जय कुमार अग्रवाल, रविकांत, सुशील श्रीवास्तव, शिबू डांगी, बलराम साहू, संजीव खंडवाल, मनमोहन सिंह लांबा आदि उपस्थित थे । नेताजी सुभाष जयंती कमेटी के बन्नी सिंह गांधी ने कार्यक्रम का संचालन कर पिता जी की मूर्ति पर श्रद्धांजलि किए। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा आयोजित बिरसा सुभाष यात्रा के कार्यक्रम में भी नेताजी जयंती कमिटी की ओर से बन्नी सिंह गांधी और समाजसेवी जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए।

### सुभाष चंद्र बोस हम सभी के आदर्श : सुनिता चौधरी

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर रामगढ़ सुभाष चौक स्थित सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंची समाजसेवी सह रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनिता चौधरी द्य मौके पर सर्वप्रथम उनके चरणों पर पुष्प अर्पित कर एवं मूर्ति पर माल्यार्पण कर की गई और सुभाष चंद्र बोस अमर रहे नारों से पूरा रामगढ़ गूंज उठा द्य मौके पर सुनिता चौधरी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस हम सभी के लिए आदर्श हैं, उनके सपनों का भारत बनाना हम सभी की जिम्मेवारी वा जवाबदेही है द्य हम लोगों के लिए गौरव की बात है कि उनका आगमन कई वर्ष पूर्व रामगढ़ के पावन धरती में भी हुआ था द्य आज भी सुभाष चंद्र बोस हम सभी के दिलों में जिंदा है उनके नारों को हम सभी को आज भी याद है वह हमेशा कहा करते थे तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, इसके तहत उन्होंने आजादी की बिगुल फुकी थी द्य माल्यार्पण में मुख्य रूप से समाजसेवी सुनीता चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो,नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, मुखिया कलावती देवी, संगीता कुमारी, पिंकी देवी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, सचिव बिभा देवी, वार्ड नं 5 समाजसेवी रानी प्रियंका, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, बिट्टू सिंह चंडोक, पवन करमाली, बिभन सिंह, लालू शर्मा, बिट्टी छाबड़ा, रोहित सोनी, संजीव रावत, दिनेश स्टील, इंद्रजीत राम,पंकज दांगी, गणेश कुशवाहा,रंजीत जयसवाल, बलराम यादव, रिंकू खान अनवर खान, संजय कुशवाहा, राजा सोनकर, रिंकू करमाली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### उपचुनाव को लेकर कांग्रेस वरिष्ठ नेता बजरंग महतो ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दुलमी प्रखंड के पोटमदगा गांव में डोर टू डोर जनसंपर्क करते उपचुनाव को लेकर कांग्रेस वरिष्ठ नेता बजरंग महतो ने कहा कि उपचुनाव में कांग्रेस के एक एक कार्यकर्ता को मजबूती के साथ चुनाव लडना है साथ ही सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर काम करेंगे साथ ही जो षडयंत्र के तहत पुर्व विधायक ममता देवी को फंसाया गया है जिसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा और मजबूती के साथ पिछला बार से अधिक वोटो से कांग्रेस प्रत्याशी को विजय दिलाने का कार्य करेंगे। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश अजय भोक्ता मोहित पटेल सपुत कुमार हेमंत महतो प्यारी मुंडा भोला गझू प्रदीप भोक्ता संजय मुंडा नागेन्द्र मुंडा रितेश कुमार रुकेश कुमार अमित कुमार महताब राही संजय करमाली व सैंकडों ग्रामीण मौजूद थे।

### आजसू पार्टी वार्ड नंबर 6 के सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ पतरातू बस्ती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आगामी रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी वार्ड नंबर 6 के सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की अहम बैठक रखी गई द्य जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 6 के चुनाव प्रभारी लाल चंद महतो उपस्थित हुऐ और आगे की रणनीति बूथ कमेटी,चूल्हा प्रमुख बनाने और आजसू पार्टी प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाना को लेकर रणनीति तैयार किया गया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड अध्यक्ष दीपू गुप्ता ने किया एवं संचालन वार्ड सचिव होरिल चौधरी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष हजारीबाग विश्वनाथ महतो,बरही निवासी अर्जुन महतो रामगढ़,नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल,महिला नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, वार्ड नंबर 6 मुखिया पुर्नी देवी,महिला मोर्चा नगर सचिव विभा देवी,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुलोचना देवी,नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा जिला उपाध्यक्ष बिट्टू सिंह चंडोक,धर्मेंद्र साहू भोपाली,संजय चौधरी वार्ड उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह,प्रभारी गगन चौधरी,मीडिया प्रभारी श्याम सुंदर यादव, सुजीत सिंह, अरुण कुमार राय,नंदू महतो आदि लोग उपस्थित हुऐ।

# सरस्वती पूजा को लेकर बैठक संपन्न

## शांतिपूर्ण तरीके से मूर्ति विसर्जन करने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** सरस्वती पूजा को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक हुई। सोमवार को आयोजित बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक संपन्न करने को लेकर पुलिस प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, पूजा पंडाल आयोजकों तथा गणमान्य लोगों से अपेक्षित सहयोग मांगा। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। बैठक में एसडीपीओ नाजिर अख्तर मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में बरही थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल का भौगोलिक स्थिति व समस्या को लेकर भी अधिकारीगण रु-ब-रु हुए। साथ ही हर हाल में शांति पूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन हो जाने पर भी प्रशासनिक अधिकारियों ने बल दिया। सभी लोगों से इसमें सहयोग मांगते हुए किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने, कोई समस्या आने पर तुरंत थाना



प्रभारी समेत प्रशासनिक पदाधिकारी सहित प्रशासन को इससे अवगत कराने को कहा गया। वहीं एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने डीजे नहीं बजाने तथा पूजा स्थल पर सिर्फ भक्ति गीत बजाने और इस संबंध में नियमों का पालन करने की बात पर जोर दिया। कहा गया कि छह बजे से पहले मूर्ति का विसर्जन कर लेना कमिटी के लोग सुनिश्चित करेंगे। मौके पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, इंस्पेक्टर ललित कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि सुनील साव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र रजक, बुद्धिजीवी मंच महासचिव महेंद्र दुबे, विहिप सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, परमेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडे, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया शमसेर आलम, सिकंदर राणा, मो मंसूर, मोतीलाल चौधरी, मनोज रविदास, गोविंद साव, राजन ओम, पंचायत समिति सदस्य मो तैयब, जितेंद्र गिरी, सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस प्रदेश सचिव मो रुस्तम अली, पूर्व मुखिया मो बेलाल, संतोष निषाद, विशुनधारी महतो, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल, सोनू यादव, टिंकू आलम, विक्की सिंह, एसआई चंदन साव, कामेश्वर सिंह, दयानंद सरस्वती सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंबा प्रसाद ने खुद मोटरसाइकिल चला सुदूरवर्ती क्षेत्रों का किया दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के अंतर्गत पालू पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम टॉकीसूद महुआ टोला में जनता की समस्याओं से रूबरू हुई बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद। विधायक अंबा प्रसाद ने सुदूरवर्ती क्षेत्र टॉकीसूद के महुआ टोला में ग्रामीणों की जन समस्या निवारण हेतु बारी बारी से सभी जनता के समस्याओं को सुनी और तत्काल जो समाधान करने योग्य समस्या थी उसे तत्काल संबंधित विभाग से संपर्क कर समाधान करने का काम किए एवं जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक ने सूचीबद्ध कर आश्वासन दिया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। बता दें कि ग्राम टॉकीसूद महुआ टोला चार



पहिया वाहन जाने का सुविधा नहीं था जिसके कारण विधायक ने खुद बाइक चलाकर टॉकीसूद महुआ टोला जनता से मिलने के लिए पहुंची। विधायक ने कहा कि जनता की समस्या का निष्पादन करना पहली प्राथमिकता है इसलिए मैं खुद उन सुदूरवर्ती क्षेत्रों का भी दौरा कर रहा हूं जहां के जनता अपनी समस्याओं को रख नहीं पाते हैं पहुंच नहीं पाते हैं वैसे स्थानों में मैं खुद उन सुदूरवर्ती क्षेत्र की जनता को समस्या का निराकरण करने के लिए पहुंचा हूं।

## रेन्बो स्कूल में मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित समस्त शिक्षकों ने नेता जी के तुल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों के बीच कहा कि नेता जी स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी जिसे कभी देश भुला नहीं सकता। उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात बताई। उन्होंने ने कहा कि नेता जी देश के ऐसे महानायकों थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके संघर्षों और देश सेवा के जज्बे के कारण ही महात्मा गांधी ने उन्हें देश भक्तों का देश भक्त कहा था। बच्चों को बताया गया कि कैसे नेताजी ने जापान के सहयोग से 1943 में आजाद हिन्दी फौज का गठन किया और अंग्रेजों पर आक्रमण किया।

## ब्रिटिश भारत की सीमा तक धमक थी, आजाद हिन्द फौज की : शैलेन्द्र यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 126 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश की स्वाधीनता के लिए जिसे जो मार्ग सुझा उसने वही अपनाया । क्रन्तिकारी अपने मार्ग से बढ़ रहे थे तो अहिंसक मार्ग से गांधीजी का संघर्ष जारी था । सुभाषचंद्र बोस कांग्रेस के चोटी के नेताओं मे से एक थे । वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे । द्वितीय महायुद्ध की स्थिति का लाभ उठाकर अंग्रेजों की आंखों मे धूल झोककर वे यूरोप और वहां से पनडुब्बी में जापान पंहुचे । युद्ध में असहाय भारतीय जवानों को छोड़कर अंग्रेजों के अधिकारी भाग गए तो उन्होंने इसी सेना को



पुनर्जीवन दिया । देश की आजादी के लिए उनसे बन्दूकें मांगी । तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद कर उसमे स्फूर्ति भरी, चलो दिल्ली का लक्ष्य रखा और भारत की सीमा तक आजाद हिन्द फौज की सफलता गूंज उठी । नेताजी स्वाधीन भारत में सशरीर नही आ सके तो क्या हुआ बच्चा बच्चा उनके जय हिंद के घोष से उनकी स्मृति आज भी हृदय में ताजा लिए हुए हैं ।मौके पर पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, आबिद अंसारी प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह मीडिया प्रभारी निसार खान नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव, कृष्णा किशोर प्रसाद, केडी सिंह, राजू चौरसिया, रघु जायसवाल, रविन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रकाश कुमार, लाल बाबु, सदरूल होदा, रीतलाल मंडल, उपेन्द्र कुशवाहा, कैलाश पति देव, बाबर अंसारी, राजू यादव, कृष्णा कुमार यादव, शिव नंदन साहू, शिबू प्रसाद सोनी, नरसिंह प्रजापति, माशूक अंसारी, अजित कुमार सिंह, जय प्रकाश यादव, विजय कुमार सिंह, रवि सिंह, उदय पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार सिंह, मो. आसिफ रजा, धनंजय कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, कौशल सिंह, मनीष सिंह, संजय सिंह समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## स्वीप के तहत जिला प्रशासन एकादश एवं दिव्यांग एकादश के बीच हुआ क्रिकेट मैच का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत सोमवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत छावनी फुटबॉल मैदान में जिला प्रशासन एकादश एवं दिव्यांग एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान पहले बल्लेबाजी करते हुए दिव्यांग एकादश की टीम ने 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 72 रन बनाए जिसके जवाब में जिला प्रशासन एकादश ने बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट गवाएं 8 ओवर में 72 रन बनाकर मैच को टाई कर दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने दोनों टीमों के कप्तान को ट्रॉफी देकर सम्मानित करने के उपरांत सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। इसके साथ ही निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद एम एस हरी विजय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग कनक तिर्की, एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग डॉ असीम कुमार ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

## जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में धूमधाम से मनी नेताजी की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सोमवार को जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय सचिव शम्भु कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया द्य देश के प्रति समर्पण भावना किस रूप में हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस के अंदर निहित थी उससे परिचय करवाते हुए श्री कुमार ने कहा कि इन्ही की तरह अपने अंदर नेतृत्व करने की क्षमता को जगाना होगा तभी हम विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होंगे। अपने अध्यक्षीय भाषण में




महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने सुभाष चंद्र बोस के ऊपर महत्वपूर्ण विचार रखें और आजादी में उनके सहयोग एवं आजाद हिंद फौज के निर्माण की कहानी से अवगत कराया ।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से सुनिधी कुमारी, नंदिनी कुमारी , मनीषा कुमारी, खुशबू कुमारी, नदीम, विक्रम, प्रकाश, आयुष, सत्यम राज,स्तुति रानी,उमेश करमाली ने मंच को साझा किया। वही इस कार्यक्रम को सफल करने में एनएसएस के कोऑर्डिनेटर उमेश ठाकुर महाविद्यालय के शिक्षक प्रो विनय कुमार मेहता,प्रो अजीत प्रसाद, प्रो दीपेंद्र कुमार,प्रो संहिता कुमारी,प्रो उर्मिला राणा,परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मक्का मदीना के पवित्र सफर के लिए बड़कागांव से रवाना हुए जायरीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव से जायरीनो का जत्था सोमवार की सुबह मक्का मदीना के पवित्र सफर के लिए रवाना हुआ। जायरीनो के विदा करने के लिए परिजन, नाते-रिश्तेदार बड़कागांव मजार पहुंचे। घर से मज़ार तक जायरीनो को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जायरीनों से लोगों ने काबा शरीफ में दुआ की दरखास्त की। जायरीनो ने भरोसा दिलाया की अल्लाह के दरबार में पहुंचकर सबसे पहले मुल्क की तरक्की, अमन-चैन व



भाईचारा स्थापित करने की दुआखवानी करेंगे। जायरीन लाल मोहम्मद ने बताया हज वर्ष में केवल एक बार होता है जबकि उम्रा साल में कभी भी किया जा सकता है। प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में लोग उमरा पर जा रहे हैं। मक्का-मदीना शरीफ यात्रा नसीब वालों को ही मिलती है। उमरा कर हिंदुस्तान की खुशहाली के लिए दुआ करूंगा। मुसलमानों कि सबसे बड़ी ख्वाहिश हज और उमरा करने की होती है। दुआ करूंगा कि हज उमरा करने का मौका हर मुसलमान को नसीब हो। बड़कागांव मजार से लोगों रवाना किया और लोगों ने उनके स्वास्थ्य को लिए अल्लाह से दुआ मांगी। मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद तारिक, लाल मोहम्मद, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अफवान, मोहम्मद हकीम, मो. ताकिद आदि उपस्थित थे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में रामगढ़ शहर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद एम एस हरी विजय, अपर समाहर्ता नेल्सम एयोन बागे एवं अनुमंडल



पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया

## प्लस टू लॉर्ड कृष्णा स्कूल में मनी नेताजी सुभाष की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड अंतर्गत करवे कला पंचायत नगर के प्लस टू लॉर्ड कृष्णा स्कूल में सोमवार को सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में प्रिंसिपल कृष्ण कुमार देव के द्वारा सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को सुभाष चंद्र के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सभी शिक्षक एवं बच्चों ने सुभाष चंद्र के मार्ग पर चल कर देश सेवा का संकल्प लिया। प्रण लेते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पण किया। इस अवसर पर सचिव अमिताभ नीरज,




शिक्षक सुमंत कुमार उपाध्याय, अफरोज आलम ,संदीप कुमार, पंकज कुमार रॉय ,अल्पना शर्मा, रेखा तिवारी , मिली कुमारी रानी, जितेंद्र कुमार राय ,भोला कुमार राय, आतर अहमद ,सुमित कुमार, मुर्तजा अंसारी ,रेखा देवी, काजल कुमारी ,देवंती देवी, शहनाज खातून एवं रोशन रजक उपस्थित थें।

# ज्ञानोदय विकास स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के भगवान बागी रोड स्थित ज्ञानोदय विकास स्कूल में आजाद हिद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रियासत हसन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के महानायक थे। उन्होंने अपने कर्तव्य को निभाते हुए देश पर अपनी जान कुर्बान कर दी। वह एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने आजाद हिद फौज की स्थापना कर देश को आजाद कराने के लिए और दुनिया से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए प्रण लिया। वह देश छोड़ जर्मनी जापान होते हुए सिगापुर पहुंचे। उन्होंने वहां पर जेल में बंद बंदियों को रिहा करवा कर अपनी एक फौज तैयार कर देश को आजाद कराने के लिए निकल पड़े। उन्होंने जय हिद व दिल्ली चलो का नारा



दिया था। उनका नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा से देश के सभी नौजवानों में एक जोश पैदा किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ईश्वर दयाल महतो राजू कुमार राणा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर उप प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, सौरभ कुमार रंजन, तोहिद आलम, अनामिका कुमारी, अनिता कुमारी, अर्सला नाहिद, रूपा कुमारी, मीना कुमारी, रिंकी कुमारी, अविनाश कुमार, आशीष कुमार, मुनाजिर आलम, निकिता राज, लालदेव महतो सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बिरसा-सुभाष यात्रा का समापन सह नेताजी जयंती पर सभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन राज्य कमिटी द्वारा 22- 23 जनवरी को बिरसा सुभाष यात्रा का आयोजन किया गया।यह यात्रा बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलीहातू खूंटी से प्रारंभ हुई , जहां बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा ने यात्रा को झंडा दिखा कर रवाना किया।संगठन द्वारा सुखराम मुंडा की सम्मान स्वरूप शाल भेट की गई।यात्रा आगे बिरसा कॉलेज पहुंची जहां बिरसा कॉलेज के प्राचार्य व खूंटी के एसड़ीज़एम ने यात्रा का स्वागत किया।आगे यात्रा खूंटी होते हुए,विभिन्न शहीदों के मूर्तियों पर माल्यार्पण करते हुए रांची पहुंची। दूसरे दिन यात्रा का प्रारंभ कोकर स्थित बिरसा मुंडा की समाधि स्थल से हुई। जहां श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए




संगठन के अखिल भारतीय सचिव मंडल सदस्य शमसुल आलम ने कहा कि देश और समाज के बेहतरी के लिए व्यक्ति का संघर्ष महत्वपूर्ण है,डिग्री नहीं। वर्तमान समाज में देश का हर एक तबका चाहे वह छात्र, नौजवान, महिला, पुरुष को किसी ना किसी समस्या से ग्रसित हैं। उन्हें अपने हक और अधिकारों के लिए आंदोलन करने और सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। तब नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने संघर्ष का सही रास्ता बताया। यात्रा रांची से शुरू होते हुए रामगढ़ के लिए रवाना हुए। रैली में शामिल सभी छात्र छात्राएँ नारा लगाते हुए कतारबद्ध रूप से बाइक रैली को सफल बनाये।यह रैली बुटी मोड़,ओरमांझी,रामगढ़ घाटी पर करते हुए नेताजी चौक,रामगढ़ पहुंची।जहा पहुंचने पर वहा के उपस्थित अतिथियों ने एवं नेताजी जयंती कमिटी रामगढ़ के स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया।मौके पर अतिथियों,अखिल भारतीय सचिव मंडली सदस्य समसुल आलम एवं प्रदेश अध्यक्ष समर महतो,प्रदेश सचिव सोहन महतो द्वारा माल्यार्पण किया गया। साथ ही संगीत मंडली द्वारा नेताजी से जुड़े %कदम कदम बढ़ाये जा% तथा %सुभाष जी-सुभाष जी% गीत प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर उपस्थित अतिथियों को बन्नी सिंह गांधी(नेताजी जयंती कमिटी) ,जे के अग्रवाल ,बसंत हेलम ,बलराम सिंह ,पन्ना लाल राम आदि को संगठन द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया। रैली में शामिल सभी छात्र छात्राएँ नारा लगाते हुए कतारबद्ध रूप से बाइक रैली को सफल बनाये।सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय सचिव मंडली सदस्य समसुल आलम ने कहा कि नेता जी के विचार आज बहुत ही प्रासंगिक है। नेता जी गांधी जी का बहुत आदर करते थे। गांधी जी से उनका वैचारिक मतभेद होने के बावजूद उनका उनसे मनभेद नहीं था।आजाद हिंद फौज में उन्होंने बटालियन का नाम नेहरू, गांधी और झांसी की रानी बटालियन के नाम पर रखा। उन्होंने गांधी जी को राष्ट्रपिता कह कर संबोधित किया। परंतु वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में आज केवल निजी स्वार्थ और एक दूसरे को नीचा दिखाने की राजनीति हो रही है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# सरस्वती पूजा को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

## डीजे पर होगी सख्ती, सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक ही बजेगा डीजे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** सोमवार को रजरप्पा थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से चितरपुर सीओ विजया तृप्ति कुजूर, दुलमी सीओ सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवक बैठक में उपस्थित थे। शासनिक प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष पूजा समिति, समाज सेवकों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। विदित हो कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरस्वती पूजा है। बैठक के दरम्यान स्पष्ट निर्देश दिया कि कहीं भी किसी के द्वारा डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजाया जाएगा। अगर कहीं से किसी प्रकार की संदिग्धता नजर आए तो प्रशासन को तत्काल सूचित करें प्रशासन से सहायता लें और प्रशासन को सहायता दें साथ ही, सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

# 26 जनवरी को चिकित्सा शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी झारखण्ड आई ए सी सी के तत्वावधान में वार्षिक चिकित्सीय शिविर का आयोजन हरमू बाईपास रोड स्थित अग्रसेन हृदयालय, गिरधर प्लाजा, राँची में आयोजित किया गया है । गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर आगामी बृहस्पतिवार 26 जनवरी 2023 को इस शिविर में सुप्रसिद्ध हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ वी के जगनाणी एवं दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ रमेश बजाज परामर्श निःशुल्क देंगे ।शिविर में मधुमेह के आकलन के लिए रक्त शर्करा एवं एच बी ए वन सी, लिवर / यकृत के लिए फाइब्रोस्कैन एवं लिवर फंक्शन टेस्ट- एल एफ टी, प्रॉस्टेट के लिए पी एस ए, यूरोफ्लोमेट्री एवं सिम्टम स्कोरिंग, डिस्लिपीडिमिया के लिए लिपिड प्रोफाईल, हीमोग्लोबिन इत्यादि के जाँच की व्यवस्था न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध रहेगी ।

# एमेज़ॉन एयर ने भारत में ग्राहकों को ज्यादा तेज डिलीवरी प्रदान करने के लिए उड़ानों का रास्ता अपनाया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज एमेज़ॉन इंडिया ने भारत में अपने परिवहन नेटवर्क का विस्तार करने और ग्राहकों को ज्यादा तेज डिलीवरी प्रदान करने के लिए एमेज़ॉन एयर का लॉन्च करने की घोषणा की है। एमेज़ॉन क्विकजेट कार्गो एयरलाईस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा संचालित बोईंग 737-800 एयरक्राफ्ट की संपूर्ण कार्गो क्षमता का उपयोग करेगा। इस नए एमेज़ॉन-



ब्रांडेड एयरक्राफ्ट के इंडक्शन समारोह में कल्वाकुंतला तारक रामा राव, मुनिसिपल प्रशासन एवं शहरी विकास मंत्री, उद्योग एवं कॉमर्स, और इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी, तेलंगाना मौजूद थे। इस अवसर पर एमेज़ॉन की सीनियर लीडरशिप में अखिल सक्सेना, वाईस प्रेसिडेंट, कस्टमर फुलफिलमेंट (एपैक, मेना एवं लातम) और वर्ल्डवाईड कस्टमर सर्विस, तथा साराह रोड्स, वाईस प्रेसिडेंट, एमेज़ॉन ग्लोबल एयर, हैदराबाद भी उपस्थित थे।एमेज़ॉन भारत में पहली ई-कॉमर्स कंपनी है, जिसने एक समर्पित एयर कार्गो नेटवर्क प्रदान करने के लिए थर्ड-पार्टी एयर कैरियर के साथ साझेदारी की है। इससे भारत में अपना परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने की एमेज़ॉन की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। क्विकजेट इस एयरक्राफ्ट का उपयोग हैदराबाद, बैंगलोर, दिल्ली और मुंबई में एमेज़ॉन ग्राहकों के शिपमेंट्स पहुँचाने के लिए करेगा।

# कालीबाड़ी में सनराइज़ ग्रुप के सहयोग से श्रीनिवास ब्लड सेंटर ने लगाया रक्तदान शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के कालीबाड़ी स्थित दुर्गा मंडप में दिन सोमवार को सनराइज़ ग्रुप के सहयोग से श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसायटी द्वारा संचालित श्रीनिवास ब्लड सेंटर के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर को सफल बनाने में सनराइज़ ग्रुप एवं श्रीनिवास ब्लड सेंटर की टीम अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में 46 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को श्रीनिवास ब्लड सेंटर की ओर से प्रशस्ति पत्र एंव स्मृति चिन्ह् के साथ सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजन में सनराइज़ ग्रुप से इंद्रजीत अग्रवाल, पंकज साहा, तुषार सागर, अनमोल चौरसिया एवं गौरव सरकार ने अपना अहम योगदान दिया। वहीं रक्तदान शिविर में श्रीनिवास ब्लड सेंटर से डॉ आर एल रजक, इंचार्ज आशुतोष झा, अमित यादव, लीना जायसवाल, उषा कच्छप, सपना कुमारी, पुष्पा कुमारी, विनय कुमार, बबलू कुमार, विनोद एवं श्याम ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान दी। मौके पर विशेष रूप से समाजसेवी राकेश गुप्ता, वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कमलेश सिंह एवं सचिव ब्रजेश सहाय सहित कई गणमान्य लोग शामिल थें।

# सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती पर के एस कालेज डकरा में निबंध लेकर प्रतियोगिता आयोजन किया गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में पूरा देश मना रहा है. इस पराक्रम दिवस पर यूं के एस कालेज डकरा में एन एस एस इकाई के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में निबंध लेखन के शीर्षक स्वतंत्रता आंदोलन में सुभाष चन्द्र बोस का योगदान करता था? इस प्रतियोगिता कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए. प्रतियोगिता में आदित्य कुमार, शिप्रा कुमारी, सुनील कुमार, कन्हैया कुमार, यशपाल,चीरंजीवी, आलोक,नाजनी,सुमन,इन्दु, राजनंदिनी आदि ने भाग लिया।

# गणतंत्र दिवस एवं दो फरवरी को 44वां झारखंड दिवस की तैयारियों को लेकर प्रखडं अध्यक्ष ने की बैठक

**गोपीकांदर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं दो फरवरी को दुमका के गांधी मैदान में आयोजित 44वां झारखंड दिवस की तैयारियों को लेकर सोमवार को गोपीकांदर स्थित झामुमो कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखडं समिति की बैठक प्रखडं अध्यक्ष संतोष मरांडी के अध्यक्षता में किया गया। उक्त बैठक में 7 पंचायतों के अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखडं अध्यक्ष संतोष मरांडी ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया जाएगा। अतः सभी कार्यकर्ता झंडोत्तोलन के लिए सुबह 9-00 बजे स्समय कार्यालय पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के दो साल बाद झामुमो का स्थापना दिवस पूरे उत्साह व हर्षोल्लास से आयोजित किया जाएगा। कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए पिछले दो वर्ष बिलकुल सामान्य तौर पर झारखंड दिवस को मनाया गया। इस वर्ष दो फरवरी को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जोर शोर से तैयारी करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी की नीति व सिद्धांतों से आमजनों को अवगत कराने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को दुमका जाने के लिए प्रचार प्रसार करें। मौके पर जिला परिषद सदस्य निशा सबनम हांसदा, विधायक प्रतिनिधि लखीचंद मंडल, झामुमो मीडिया प्रभारी निजु मंडल, वरिष्ठ कार्यकर्ता हराधन पाल, रूबेन हांसदा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# आर एंड बी डेनिम्स ने फॉरवर्ड इंटेग्रेशन की योजना बनाई

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएसई सूचीबद्ध कंपनी आर एंड बी डेनिम्स लिमिटेड (बीएसई- 538119) जो डेनिम की 30 मिलियन मीटर से अधिक क्षमता वाली सबसे बड़ी वर्टिकली इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के साथ सबसे प्रभावशाली टेक्सटाइल हाउस में से एक है, जिसके तहत यह डेनिम सेगमेंट में अपने खुद के ब्रांड के साथ रेडीमेड गारमेंट्स का निर्माण करेगी। कंपनी अब भारत की अग्रणी व्यापक डेनिम कपड़ा निर्माता है तथा साथ ही जो 85 इंच तक उच्च चौड़ाई वाले डेनिम का उत्पादन करने में सक्षम है, इसके द्वारा हाल ही में एयर जेट लूम्स - डॉबी मशीन की नई विश्वस्तरीय तकनीक में प्रमुख विस्तार किया गया है।डॉबी मशीनों की इस नई तकनीक को अपनाने के बाद कंपनी जल्द ही अपना ब्रांड नाम बनाकर फॉरवर्ड इंटीग्रेशन यानी इनटू गारमेंटिंग सेगमेंट में उतरेगी। वर्तमान में कंपनी कॉटन स्पिनिंग के बैकवर्ड इंटीग्रेशन के साथ-साथ फैब्रिक वीविंग, डाइंग और प्रोसेसिंग में है, गारमेंटिंग सेगमेंट में प्रवेश करके आर एंड बी (ऋ&क्व) फाइबर से फैब्रिक तक डेनिम के निर्माण के सभी चरणों को पूरा करेगी और इस प्रकार यह वैल्यू सेगमेंट में युवा भारतीय के लिए डिज़ाइनर ब्रांड बनाएगी।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 124वीं जयंती पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने निकाला पथ संचलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 124वीं जयंती पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के भैया-बहनों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। घोष दल के साथ निकले इस पथ संचलन में भैया-बहनों की झाँकियाँ आकर्षण का मुख्य केन्द्र बनी हुई थी। इस झाँकी में बच्चें नेताजी सुभाषचंद्र बोस और भारत माता की वेशभूषा में नजर आए। गया रोड़, पटना रोड़, धनबाद रोड और हजारीबाग रोड़ बरही का भ्रमण करते हुए भैया बहनों का पुष्पवर्षा कर लोगों ने इस पथ संचलन का स्वागत किया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने सभी को इस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस देश की जयंती को हम पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं।

# हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने परिवार संग की जैन मंदिर इटखोरी मे पूजा अर्चना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूं तो लोग अपनों और जान पहचान वालों के साथ अपना विवाह वर्षगांठ के मौके पर होटलों एवं घरों में खुशियां मनाते हैं लेकिन शहर के हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने अपनी 35 वी शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष में अपने संपूर्ण परिवार के सदस्यों के संग इटखोरी स्थित जैन मंदिर सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर इस पल को खास रूप से बनाया है। वही इस मौके पर उन्होंने गरीब असहाय लोगों के बीच वस्त्र का वितरण भी किया। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि शादी की 35वीं वर्षगांठ के उपलक्ष पर इटखोरी स्थित जैन मंदिर का दर्शन करने का सौभाग्य मिला वही असहाय, गरीब लोगो के बीच वस्त्र का वितरण किया गया काफी आनंद आया।

# असहाय युवक के मृत्यु पर समाजसेवी ने अन्तिमसंस्कार कराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** राय पंचायत अंतर्गत आदिवासी मोहल्ला के एक युवक रवि उरांव की मृत्यु हो जाने पर अन्तिमसंस्कार करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के राय पंचायत अध्यक्ष प्रकाश कुमार प्रजापति ने सहयोग किया. झामुमो पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि रवि उराँव असहाय परिवार होने के कारण मोहल्ले के लोग देह संस्कार के लिए सहयोग नही करने लगे. तब जाकर इसकी जानकारी विजय पहान गांव के कुछ ग्रामीणों को संपर्क कर अर्थी को उठाया और अंतिम संस्कार कराया. पंचायत अध्यक्ष प्रकाश कुमार प्रजापति भी अपना सहयोग दिया साथ ही पत्र के माध्यम से क्षेत्र के समाजसेवी और जनप्रतिनिधि लोगों से रवि उरांव के परिवार को सहायता के लिए अपील किया. धर्म के कार्य विनोद उरांव, धनेश्वर उरांव, आकाश कुमार महतो, राहुल कुमार महतो, सूरज, सनी, आकाश, मुकेश उरांव मौजूद रहे।

# हिंदवेयर के ट्रूफ्लो ने पीटीएमटी फॉसेट्स और एक्सेसरीज में रखा कदम

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे तेजी से बढ़ते प्लास्टिक पाइप और फिटिंग ब्रांड, ट्रूफ्लो बाय हिंदवेयर ने बाथ फिटिंग रेंज के नए सेगमेंट में अपने विस्तार की घोषणा की है, जिसमें पीटीएमटी फासेट्स, फ्लश टैंक, सीट कवरिंग व अन्य एक्सेसरीज शामिल हैं। विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्रूफ्लो ने पीटीएमटी फॉसेट्स के लिए 14 डिजाइन वेरिएंट और 6 फ्लश




टैंक वेरिएंट पेश किए हैं।नई बाथ फिटिंग रेंज 100त्न फूड-ग्रेड मैटीरियल से निर्मित है और उम्दा टिकाऊपन तथा बेहतर परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने के लिए उन्नत इंजीनियर थर्मोप्लास्टिक पॉलिमर से लैस है। यह सिल्वर आयन नैनो टेक्नोलॉजी संचालित एंटी-बैक्टीरियल ट्रीटमेंट से सुसज्जित है जो स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी सुनिश्चित करने वाले माइक्रोबियल ग्रोथ के प्रतिरोध को बनाने में मदद करता है।ट्रूफ्लो बाय हिंदवेयर लिमिटेड के सीईओ श्री राजेश पजनू ने घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा, ÷पीटीएमटी फॉसेट्स सेगमेंट में उतरना हमारे पोर्टफोलियो का एक स्वाभाविक विस्तार है, क्योंकि हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उनकी सभी प्लंबिंग आवश्यकताओं के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन्स प्रदान करना है।

# रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य रुप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बजरंग महतो ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर जयंती मनाई गई साथी कांग्रेस जिला कमेटी के द्वारा आम जनता के बीच में मिठाई एवं खीर का वितरण किया गया वितरण कर खुशी का इजहार किया गया साथी ही रामगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में हुआ था उनके पिता जानकीनाथ बॉस वकील थे उनकी माता का नाम प्रभावती था नेता जी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के मन में देश प्रेम स्वाभिमान और साहस की भावना बचपन से हैं बड़ी प्रबल थी।

# अरगड्डा वार्ड नंबर 14 में आजसू द्वारा 40 महिला व पुरुष को चूल्हा प्रभारी बनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा वार्ड नंबर 14 में वार्ड प्रभारी छोटू पटेल एवं भोला तुरी के नेतृत्व में 40 महिला व पुरुष को चूल्हा प्रभारी बनाया गया तथा सभी चूल्हा प्रभारियों को अपने अपने टोला मोहल्ला में 10 से 15 घरों की जिम्मेवारी वह जवाबदेही सौंपी गई सभी चूल्हा प्रमुख को अपने टोला मोहल्ला के 10, 15 घर की देखरेख करने की बात कही गई, साथ ही साथ सभी चूल्हा प्रभारियों को प्रत्येक घर जाकर उनकी जन समस्या को समझते हुए, चूल्हा परिवार फोरम में उनकी समस्या को अंकित कर जल्द से जल्द अपने प्रभारी को सौंपने का जवाब दे ही दिया गया, चूल्हा प्रभारी निम्नलिखित किस प्रकार है छोटू



पटेल, हुसैन खान, सुशील सिंह, आनंद सिंह, पिंटू मुखर्जी, भूपत ठक्कर ,समित सागर ,रणधीर सोना, सनी पासवान, राहुल कुमार ,अशोक महतो, अली खान, पप्पू खान, गोविंद गोप, रमेश महतो, बंटी सागर, अमर सागर, छोटू खान, विशाल सागर, गुड्डी देवी, बबीता देवी,रीना देवी, अंजन पासवान, अनीता देवी प्यारो देवी लीला देवी, रीना देवी 2, संजू देवी, कमला देवी, शारदा देवी, चिंता देवी, गंगा देवी, कुंती देवी, काजल देवी , सोहरी देवी, अंजू देवी आदि उपस्थित थे।

# सैमसंग ने 5जी को बढ़ावा देने के लिए गैलेक्सी ए 14 5जी और ए 23 5जी की आकर्षिक दामों में बिक्री शुरू की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमसंग का लेटेस्ट 5जी स्मार्टफोन - गैलेक्सी ए 14 5जी और गैलेक्सी ए 23 5जी सैमसंग के एक्सक्लुसिव एवं पार्टनर स्टोर्स, सैमसंग.कॉम एवं अन्य ऑनलाईन बाजारों में आकर्षक मूल्य में छूट से साथ बिकना शुरू हो गए हैं। गैलेक्सी ए 14 5जी और ए 23 5जीलेटेस्ट गैलेक्सी इनोवेशंस और 5जी कनेक्टिविटी बहुत किफायती मूल्य में



प्रस्तुत करके बेहतरीन टेक्नॉलॉजी खरीदना सभी के लिए आसान बना रहे हैं। सैमसंग इंडिया के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, मोबाईल बिज़नेस, राजू पुल्लन ने कहा, ''सैमसंग की 5जी-फर्स्ट स्ट्रेट्जी के तहत, गैलेक्सी ए 14 5जी और ए 23 5जी देश में सबसे ज्यादा वितरित होने वाले 5जी स्मार्टफोन होंगे। भारत में 5जी टेक्नॉलॉजी का विस्तार करने के लिए अपने 4जी और 5जी स्मार्टफोंस पर एक सी ईएमआई भी प्रदान कर रहे हैं।गैलेक्सी ए 14 5जी प्रीमियम डिज़ाईन में आता है और इसमें स्मूथ स्क्रॉलिंग के लिए 90 हर्ट्ज़ के रिफ्रेश रेट के साथ 6.6'' का एचडी+ डिस्प्ले है। 6.6'' की एफएचडी+ स्क्रीन के साथ गैलेक्सी ए 23 5जी में स्मूथ स्क्रॉलिंग और फ्लुड स्क्रीन ट्रांज़िशन के लिए श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ 120 हर्ट्ज़ का रिफ्रेश रेट है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के दारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के दारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी रहे एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष श्री तरुण कुमार साव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश मंत्री सह रामगढ़ विधान सभा प्रभारी श्रीमान पवन पासवान जी उपस्थित थे। भाजयुमो रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा स्थानीय सुभाष चौक में रामगढ़ जिला प्रवास में आए भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के मंत्री सह रामगढ़ विधानसभा प्रभारी श्री पवन पासवान जी को बुके देकर स्वागत किया गया । उसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कैंट मंडल अध्यक्ष तरुण कुमार साव जी ने कहा कि आज हम सभी युवाओं को सशक्त बनकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के कदम चिन्हों पर चलकर अपने देश एवं अपने समाज की रक्षा करनी चाहिए आज उन्हीं का हमारे भारतीय स्वतंत्रता में बहुत बड़ा योगदान रहा है कि हमारा देश सशक्त बनकर उभरा है हमारे देश की रक्षा के लिए हमारे लिए त्याग तपस्या और बलिदान बहुत ही जरूरी है तभी हमारा देश आगे बढ़ सकता है और मजबूत हो सकता है इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाना होगा। आज का दिन हम सभी भारतीय पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाते हैं ।

# राज्य स्तरीय नृत्य, गायन, मॉडलिंग प्रतियोगिता बोर्न टू साइन का आडिशन सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** प्रतिभा तब तक कोई प्रतिभा नहीं है, जब तक कि इसका उपयोग अन्य लोगों के लाभ एवं अपने व्यक्तित्व विकास के लिए नहीं किया जाता है। हर व्यक्ति प्रतिभा के साथ जन्म लेता है इसी सोच के साथ नगरीय प्रतिभाओं के साथ साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को एक बेहतरीन मंच प्रदान करने के उद्देश्य से तरंग ग्रुप हजारीबाग द्वारा एवं लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग के सौजन्य एवं फहिमा एकाडमी, रिश्ता पोलिमेयर के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता डांसिंग स्टार ऑफ झारखंड,गायन प्रतियोगिता वाइस आफ झारखंड एवं सौंदर्य प्रतियोगिता मिस्टर एंड मिस हजारीबाग का द्वितीय आडिशन कल देर शाम स्थानीय निर्मल महतो पार्क में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर अतिथि चंद्रशेखर कुमार जेल अधीक्षक, जितेन्द्र सिन्हा, सचिव अटल सांस्कृतिक मंच, निशा सिन्हा एवं मनोज सिन्हा, मालविका सिन्हा, प्रबंधक , भारतीय स्टेट बैंक, निर्णायक प्रदीप माइकव , संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षक , होली क्रास विद्यालय, शान सैयद, डायरेक्टर, रागा फ्यूजन, अपराजिता तिवारी,मिस झारखंड 2019 के द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। उद्घाटन के दौरान सभी अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने का संस्था द्वारा एक बेहतरीन प्रयास है।

## डॉ जगदीश कुशवाहा की पुण्यतिथि 27 को



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के जमुआ प्रखंड के भंडारो में जगदीश प्रसाद कुशवाहा की पुण्यतिथि आगामी 27 जनवरी को मनाई जाएगी। इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। वही निवर्तमान विधायक गांडेय विधानसभा पसह झामुमो नेता कोडरमा लोकसभा के प्रो जयप्रकाश वर्मा अपने पिताजी के 24वी पुण्यतिथि को लेकर लोगो को सादर आमंत्रित कर रहे हैं । बता दे डॉ जगदीश प्रसाद कुशवाहा का जन्म भातु महतो कुशवाहा एवं वृजनंदनी देवी के पुत्र के रूप में भंडारो में 13 अगस्त, 1925 को हुआ था। उस समय देश अंग्रेजों के गुलाम में था। इस स्थिति में कुशवाहा 13 वर्ष की आयु में मुश्किलों का सामना कर किसी तरह सातवीं बोर्ड पास की थी। उन्होंने वेदाचार्य गणेश द्विवेदी से आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का अध्ययन किया और जी तोड़ मेहनत कर आयुर्वेद के अच्छे ज्ञान अर्जित कर सफलता पूर्वक लोगों का उपचार करने लगे। उन्होंने अनुज रीतलाल वर्मा को एमए, एलएलबी की शिक्षा दिलायी। 1967 में अनुज रीतलाल को जमुआ विधानसभा से चुनाव लड़वाया जिसमें सफलता नहीं मिली। पुनः दूसरे प्रयास के बाद 1972 में चुनाव जीता। उन्होंने छह बार अनुज रीतलाल वर्मा को सांसद बनाया। डॉ कुशवाहा का राजनीति पैठ बनते गया जिससे उन्हें सर्वांगीण विकास की चिंता सताने लगी।

## सामाजिक न्याय के योद्धा थे जननायक कर्पूरी ठाकुर : शर्मा

**जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती 24 जनवरी को**




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वतंत्रता सेनानी सामाजिक न्याय के योद्धा जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मंगलवार को कर्पूरी ठाकुर चौक पपरवाटांड गिरिडीह में आज धूमधाम से मनाई जाएगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर मेमोरियल ट्रस्ट गिरिडीह के द्वारा जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए नन्दलाल शर्मा ने कहा कि मोंगिया स्टील लिमिटेड के द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक का सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे। अपने जीवन काल में 20 बार जेल गए। कर्पूरी ठाकुर अपने जीवन काल में कभी चुनाव नहीं हारे। जयंती समारोह आयोजन कमेटी में साठु ठाकुर, रामचन्द्र ठाकुर, गणेश ठाकुर, मोहनलाल शर्मा, रामशंकर ठाकुर, अनिल शर्मा, नाथो ठाकुर, नामधारी ठाकुर, भानू शर्मा, मनोज शर्मा, रंजीत ठाकुर, अर्जुन शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, गोपाल ठाकुर, बसंत ठाकुर, गंगाधर ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, प्रकाश शर्मा, प्रदीप ठाकुर उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर सरिया थाना परिषर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न, डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सोमवार को सरिया थाना परिषर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता सरिया अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने किया जबकि संचालन एस आई विमलेश मेहता ने किया। बैठक के दौरान सरस्वती पूजा कैसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाय इस विषय पर चर्चा- परिचर्चा की गयी। सदस्यों ने इसको लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये व आवश्यक सलाह पुलिस प्रशाशन को दी। वहीं प्रशाशन ने भी पूजा के दौरान हुड़दंग और उत्पात मचाने वालों के खिलाफ शख्त कार्रवाई किये जाने की बात कही है, कहा कि डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। बैठक में अंचल पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजू मुंडा, बीस सुत्री अध्यक्ष मुरली मनोहर मण्डल, उप प्रमुख रामदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि बबलू मण्डल,प्रमुख प्रतिनिधि रंजीत मण्डल मुख्य रूप से उपस्थित थे वहीं सदस्यों में मुखिया अजय यादव, पिंटू यादव, धानेश्वर साव,गयासुद्दीन अंसारी, रेणु रवानी, मोहम्मद इकबाल अंसारी,दिलावर मियाँ, बीरेंद्र यादव, रोहित मण्डल, मुन्ना लाल मण्डल, शिवदयाल पासवान समेत दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय में आयुष्मान कार्ड बनाने का किया गया शिविर का आयोजन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुबन थाना क्षेत्र महेशपुर पंचायत 2



सचिवालय में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंचायत के मुखिया संध्या देवी के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए काफी लोगों की भीड़ जुटी लगभग तीन सौ लाभुकों ने आयुष्मान कार्ड बनाया मौके पर उपमुखिया बबीता देवी हरि साव संजय रजवार विकास कुमार तिर्की भोलू कुमार राजीव रंजन कुमार अन्तु बाउरी पिंकी देवी आदि लोग मौजूद थे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर मनाई 126वीं जयंती

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर मासस धनबाद जिला की ओर से नया बाजार स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया।तत्पश्चात एक सभा की गई, सभा को संबोधित करते हुए मासस केंद्रीय सचिव हरिप्रसाद पप्पू ने कहा कि भारत के जंगे आजादी में सर्वोत्तम सितारा और जिसकी रोशनी में सारा हिंदुस्तान आज भी जगमगा रहा है, उस अतुलनीय योद्धा का नाम सुभाष चंद्र बोस ही है,जो भारत और दुनिया के लिए एक प्रेरणा स्रोत है, इसीलिए आज हमें नेताजी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है, माल्यार्पण करने वाले में जिला सचिव दिलीप कुमार महतो, सुभाष चटर्जी, सुभाष प्रसाद सिंह, पवन महतो, राणा चट्टराज, विश्वजीत राय,धर्म बावरी, अशोक कुमार राय, भूषण महतो, भूषण सिंह, अशोक राय,अखिलेश महतो, रविंद्र सिंह नंदलाल महतो, आदि लोग शामिल थे।

# ट्रक पर सवार होकर ट्रेन इंजन निकली सफर पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** यूं तो रेलवे लाइन और रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों पर सैकड़ों ट्रक को लाते-ले-जाते लोगों ने अक्सर देखा है। लेकिन कोलकाता-दिल्ली हाइवे पर राजगंज के समीप एक नजारा दिखा, जो लोगों को अचंभित कर दिया। हाइवे पर एक ट्रक के टेलर पर ट्रेन इंजन कैबिनेट को लाद कर ले जाया जा रहा था। इस दौरान ट्रक जहां-जहां से गुजरी, लोक उत्सुकता वश इस नजारे को निहारने लगे। कुछ लोगों ने इसे देखकर यह कहावत भी कहा कि सौ चोट लुहार की.. तो एक सुनार का..। बताते चलें कि धनबाद शहर के बाहरी हिस्से से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरती है, जो कोलकाता से दिल्ली तथा देश के अन्य हिस्से को जाती है। हाईवे पर अक्सर अजीब सा दृश्य दिखना आम बात है। परंतु कुछ नजारा लोगों को रोमांचित कर जाता है। जिसमे एक वाक्या यह था कि ट्रेन इंजन के कैबिनेट को ट्रक के ट्रेलर पर लाद कर ले जाया जा रहा था। लेकिन देखने से ऐसा प्रतीत होता थाज मानो हाईवे पर रेल इंजन चलता हुआ उनकी ओर आ रही है। जबकि वास्तविकता यह थी कि ट्रक के पिछले हिस्से में लगे टेलर पर इंजन के कैबिनेट को लादकर कहीं दूर ले जाया जा रहा था।

# आउटसोरसिंग कंपनी के कर्मियों का स्थानीय लोगों ने किया विरोध



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिना ऑक्शन एवं प्रबंधन के परमिशन के सोमवार को जयरामपुर कोलियरी से लाखों के दो स्टीम बोवाईलर को लें जाने आये आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों का स्थानीय लोगों ने विरोध कर रोक दिया।ग्रामीणों का आक्रोश देख बोवाईलर लेने आए कंपनी के सारे कर्मी भाग खड़े हुए। मामले कि सूचना पाकर लोदना जीएम बीके सिन्हा ,पीओ एम कुंडू आउटसोर्सिंग जीएम एके दत्ता सीआईएसएफ जवानों के साथ पहुंचकर ग्रामीणों से बात कर कहा कि यह बोवाईलर कुजामा परियोजना विस्तारीकरण के लिय? नागरिकों के सुविधार्थ जोड़ियां डायवर्शन करने में इस्तेमाल करने को कंपनी कार्य को लें जाने कि बात कही। जीएम के आश्वासन से संतुष्ट हो ग्रामीण शांत हुए। तब जाकर बीसीसीएल कर्मियों ने दो बड़े केरान के माध्यम से बोवाईलर लें जाने का कार्य शुरू किया गया । बताते हैं कि आउटसोर्सिंग कंपनी के एक दर्जन कर्मी एक टेलर ,दो केरान के साथ बोवाईलर लें जाने के लिय? आकर डोमेस्टिक बिजली का संयोग काटकर काम शुरू किये।आउटसोर्सिंग कर्मियों को देख एवं बिजली काटेजाने से भड़के ग्रामीणों ने बोवाईलर लें जाने का जमकर विरोध किया गया। मौके पर पहुंचे जीएम बीके सिन्हा से ग्रामीणों ने जयरामपुर क्षेत्र कि अस्तित्व बचाने को बंद क्षेत्रीय कार्यालय में बंद सभी कोलियरी कार्यालयों को शिफ्ट कराने तथा सड़कों पर उड़ते धूल डस्ट पर नियंत्रण को सड़क पर जल छिड़काव कराने कि मांग किया।

# जननायक स्वर्गीय रीतलाल प्रसाद वर्मा की आदमकद प्रतिमा अनावरण की तैयारी जोरों पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिरिडीह :** जिला अस्पताल के बगल में जिला परिषद कार्यालय के सामने रीतलाल प्रसाद वर्मा चौक पर पूर्व सांसद स्वर्गीय रितलाल प्रसाद वर्मा की आदम कद प्रतिमा लगने वाले स्थान पर प्रतिमा लगाने की तैयारी जोरों पर हैं इस बीच कुशवाहा संघ गिरिडीह के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण प्रसाद वर्मा सरकारी शिक्षक मुन्ना कुशवाहा, दिगंबर प्रसाद दिवाकर समेत दर्जनों लोग अपनी देखरेख में प्रतिमा के पेडेस्टल के निर्माण करवा रहे हैं. आपको बता देंगे कि स्वर्गीय रीतलाल प्रसाद वर्मा कोडरमा गिरिडीह में हीं नहीं बल्कि पुरे झारखंड में जननायक के रुप में प्रतिष्ठित हैं.

वकालत छोड़ राजनीति में आने वाले वर्मा अपनी कार्यशैली के बदौलत अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल रहे. जमुआ से अपने राजनीतिक जीवन में कदम रखने वाले वर्मा ने जमुआ विधानसभा का एक बार और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का पांच बार प्रतिनिधित्व किये।

## डीएवी स्कूल में मनाया गया सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल महुदा के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पुरे हर्सोल्लास के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर बच्चो ने उनके जीवन के उपलब्धियों के बारे में चर्चा की एवम विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने पुष्प द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के शिक्षक श्याम कुमार बाग, विनोद बिहारी पांडेय, राजेश्वर प्रसाद सिंह, अजय कुमार ने भी नेताजी के जीवन के संदर्व में बच्चों को बताया। विद्यालय के प्रभारी आर. के. सिंह भी मौके पर उपस्थित थे उन्होंने नेताजी की तरह ही अनुशासन को अपने जीवन में उतारने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# बिरनी : पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी के समान समेत 2 चोर गिरफ्तार

***-चोरों का रहा है अपराधिक रिकार्ड, कई थानों में दर्ज है मामले ।***

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छोटकू पासी का आपराधिक इतिहास इस प्रकार है :-**
(1) हीरोडीह थाना कांड संख्या 102/2017 एवम 78/2020
(2)राजधनवार थाना कांड संख्या 230/2020
(3)नगर थाना कांड संख्या 271/2007 एवम 138/2007
**एवम विनोद पासी का आपराधिक इतिहास इस प्रकार है :-**
(1)देवरी थाना कांड संख्या 65/2006 एवम 43/2006
(2)अहिल्यापुर थाना कांड संख्या 325/2006
(3)हीरोडीह थाना कांड संख्या 61/2008
(4)नगर थाना कांड संख्या 129/2007
(5)जमुआ थाना से अपहरण कांड में जेल जा चुका है तथा 1996 से अब तक इनलोगों का चोरी, अपहरण, लूटपाट आदि घटनाओं में आपराधिक इतिहास रहा है इनलोगों के पास से टाला तोड़ने वाले सबल भी बरामद किया गया है तथा अन्य 4 सदस्यों की खोजबीन जारी है ।



**बिरनी :** विगत दो तीन माह से जहाँ बिरनी थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों के दहशत से ग्रामीण सहमें हुए हैं. वहीं पुलिस के लाख दवाबों के बीच चोर रात के अंधेरे का फायदा उठा चोरी कर भागने में सफल रहे. परंतु कहा जाता है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं. पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के निर्देश पर बगोदर-सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवम पुलिस निरीक्षक सरिया के नेतृत्व में बिरनी थाना पुलिस पदाधिकारी एवम सशत्र बल के साथ एक छापामारी दल के द्वारा ताबड़तोड़ छापामारी में रविवार को हीरोडीह थाना अंतर्गत ग्राम टिकोडीह से दो संदिग्ध व्यक्तियों जिसकी पहचान छोटकू पासी तथा विनोद पासी दोनों पिता बन्धु पासी से कड़ाई से पूछताछ किया गया. जिसपर दोनों ने बिरनी एवम देवरी थाना क्षेत्र में चोरी की घटित सभी घटनाओं में अपनी तथा अपनी सभी सदस्यों की संलिप्ता स्वीकार किया, ततपश्चात दोनों के निशानदेही पर इनके घर तथा कांड में संलिप्त सभी अभियुक्तों के घर से चोरी के बर्तन,कपड़ा,व पुराने चांदी के जेवर आदि बरामद किया गया. ततपश्चात दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया साथ ही दोनों अभियुक्तों ने अपने - अपने स्वीकारोक्ति बयान में चोरी की बर्तन एवम जेवर को हीरोडीह थाना अंर्तगत ग्राम पिंडरसोत स्थित सुनील स्वर्णकार पिता सहदेव स्वर्णकार के जेवर व बर्तन दुकान में बेचने की बात बताई गई थी जिस पर सुनील स्वर्णकार से इस सम्बंध में पूछताछ करने पर चोरी की समान खरीदने की बात स्वीकार किया साथ ही उसके दुकान से चोरी की जेवर एवम बर्तन बरामद किया गया है चोरी की समान खरीदने के आरोप में सुनील स्वर्णकार को भी गिरफ्तार किया गया है पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने बिरनी थाना क्षेत्र के अतिरिक्त हीरोडीह, देवरी, राजधनवार, जमुआ, गिरिडीह, नगर थाना से भी कई कांडों में पूर्व में भी जेल जा चुका है ।

# प्रवासी मजदूर धानेश्वर महतो का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

**-20 दिनों के बाद पैतृक गांव घाघरा लाया जाएगा।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बगोदर :** बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के अथक प्रयास से घाघरा गांव निवासी प्रवासी मजदूर मृतक धानेश्वर महतो के पत्नी गीता देवी को मिलेगा 23 लाख रुपया मुआवजा सहायता राशि। जिसमें 13 लाख 51 हज़ार 111 रुपये मृतक के पत्नी के बैंक खाते में आ गया है जबकि बीमा राशि के रूप में शेष 10 लाख रुपये एक डेढ़ महीने के अंदर में मिलेंगे। बताते चलें कि बगोदर पश्चिमी पंचायत के घाघरा गांव निवासी स्व खीरो महतो के सुपुत्र प्रवासी मजदूर धानेश्वर महतो (उम्र 35 वर्ष) की मृत्यु ओमान में 28 दिसंबर को टावर लाइन के इरेक्शन कार्य करने के दौरान हो गयी।मृतक धानेश्वर महतो ओमान में एनसीसी कंपनी के पेटी में काम करा रहे अलक्रश कंपनी में बतौर प्रवासी मजदूर काम कर रहा था।मौत की खबर पाकर विधायक श्री सिंह मृतक के घर घाघरा गांव गए थे और परिजनों और ग्रामीणों को दुख और पीड़ा की विषम घड़ी में ढाढस बंधाया था और हर सम्भव मदद देने का भरोसा जताया था। विधायक विनोद कुमार सिंह और बगोदर पश्चिमी मुखिया सावित्री देवी, मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण महतो ने संबंधित अलक्र्स कंपनी के उच्च अधिकारियों से लागातर बात की और मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा सहायता राशि अविलंब देने दबाब बनाया। कहा गया कि जब तक मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा सहायता राशि नही दिया जाता है तब तक पार्थिव शरीर को परिजन रिसीव नही करेंगे।

कंपनी ने दबाब स्वरूप पहले किश्त में तकरीबन 5 लाख फिर दूसरे किश्त में 5 लाख और आज तीसरी किश्त में तकरीबन 3 लाख कुल मिलाकर 13 लाख मुआवजा सहायता राशि देना पड़ा।

# जन जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चास नगर निगम के डे एनयूएलएम कोषांग के ओर से नयी चेतना बदलाव के तहत लिंग आधारित हिंसा के बिरोध में ज़न जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक प्रोग्राम का उद्घाटन नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिला हिंसा के खिलाफ हम सभी को एकजुट होना होगा पहले हिंसा पर काबू पाया जा सकता है नुक्कड़ नाटक के माध्यम से द् नगर वासियों को महिला हिंसा पर जागरूक किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के चार स्थान कौशल विकास केंद्र राम नगर कॉलोनी, गोप टोला, टेलीडीह हारी मंदिर, वार्ड विकास भवन और विस्थापित चौक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

# धरना स्थल पर ही मुखिया ने सैकड़ों समर्थकों के साथ मनाया सुभाष चंद्र बॉस की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के बेरहाबाद मुखिया ने सोनी देवी ने अपने सैकड़ो समर्थको के साथ धरना स्थल पर ही सुभाष चंद्र बॉस की 127वी जयंती मनाया। दरअसल 19 जनवरी से ही मुखिया सोनी देवी प्रखंड मुख्यालय में अपने सैकड़ो समर्थको के साथ चार सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी है। मुखिया के अनुसार मांगे पूरी नहीं होने तक यह धरना जारी रहेगा। आज पांचवे दिन 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बॉस के जयंती पर धरना स्थल पर ही पुष्प अर्पित कर नेताजी सुभाष चंद्र बॉस की जयंती मनाया। वही मुखिया ने कही की हम अपनी मांगो को लेकर अड़े हुवे है जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक यह धरना जारी रहेगा। अपने पंचायत के जनता के लिए हमें अपनी जान देने की जरुरत पड़ेगी तो भी पीछे नहीं हटेंगे। इस भारी ठंढ में लगातार पांच दिन के धरना प्रदर्शन के बाद भी सबंधित विभाग खामोश है किसी भी तरह का आश्वाशन तक नहीं मिला है। पूर्व में ही मुखिया सोनी देवी द्वारा अपनी मांगो को लेकर सबंधित विभाग को आवेदन देकर अपनी मांग को रखी थी लेकिन कोई पहल नहीं होने पर धरना को बाध्य होकर आज पांच दिनों से पंचायत के जनता के साथ धरना प्रदर्शन कर रही है। मुखिया का मांग है की ग्रामीणों का मांग है की नवम्बर , दिसम्बर और जनवरी का राशन वितरण हो।

# दो हजार में दम नहीं, 18 हजार से कम नहीं : सहिया संघ

**- 23 जनवरी से 15 सूत्री मांगों को लेकर सहिया संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड के सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में 15 सूत्री मांगो को लेकर सहिया संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल 23 जनवरी से प्रारम्भ। बेंगाबाद सहिया संघ का मांग है की सहिया ग्रामीण एवं शहरी मासिक प्रोत्साहन राशि के बदले फिक्स मानदेय 18 हजार दिया जाये। सहिया साथी का 24 दिन कार्यदिवस के बदले 30 दिन किया जाये। सहिया एवं साथी को राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाये। कार्यानुभव के आधार पर साहियाओ को ए एन एम् का प्रशिक्षण देकर नियुक्ति में 50त्न आरक्षण दिया जाये। साल में दो बार ड्रेस दिया जाये या 2000 रुपया दिया जाये। साहियाओ को अनुकम्पा का लाभ दिया जाये। साहियाओ के आकस्मिक मृत्यु होने पर पचास लाख आर्थिक सहयोग दिया जाये। शहरी सहिया एवं सहिया साथी को जो हटाया गया उसे पुनः कार्य में योगदान किया जाये। साहियाओ को इ पि एफ तथा पेंशन का लाभ दिया जाये। हर पंचायत में स्वस्थ उपकेंद्र खोला जाये एवं रोगी वाहन , डाक्टर नर्स एवं उस पंचायत में कार्यरत सहिया साथी को तिथिवार प्रतिनियक्त किया जाये। एक ठोस सहिया नियमावली विधान सभा में पारित किया जाये। प्रतिवर्ष मानदेय में 5 से 10प्रतिशत की वृद्धि किया जाये।

# गोमो रेलवे जंक्शन पर ट्रेन से कटकर हेड कांस्टेबल की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोमो यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन पर रविवार की रात एक ह्रदय विदारक घटना घटी. हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार की रन ओवर होने से मौत हो गई. उनका शव कई टुकड़ो में मिला है. जितेंद्र कुमार आरपीएफ पोस्ट में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे. सोमवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर शव देखने के बाद तो इलाके में कोहराम मच गया. अधिकारी भागे भागे रेलवे लाइन पर पहुंचे. कम से कम 100 मीटर तक ट्रेन उन्हें खींचकर ले गई थी. लाश पूरी तरह से क्षत-विक्षत दिख रही थी. जितेंद्र कुमार बिहार के नवादा के मूल रूप से रहने वाले थे. 3 साल पहले ही स्थानांतरित होकर गोमो आए थे. पीडब्ल्यू आई ऑफिस के समीप डाउन लाइन पर उनकी तैनाती थी. प्रत्यक्षदर्शी नहीं होने के कारण यह बात साफ नहीं हो पाई है कि घटना कैसे हुई, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. इसी तरह की एक घटना धनबाद के भौरा में भी कुछ दिनों पहले सामने आई थी. भौरा जीआरपी प्रभारी रेल से रन ओवर हो गए थे. उनका शव भी दो टुकड़ों में बटा मिला था।

# आरा स्टेशन पर 04 जोड़ी ट्रेनों के ठहराव समय में वृद्धि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** रेल प्रषासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु दिनांक 25.01.2023 से दानापुर मंडल के आरा स्टेषन पर 04 जोड़ी ट्रेनों के ठहराव समय को 02 मिनट से बढ़ाकर 05 मिनट किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी सं. 12391 राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस आरा स्टेषन 11.23 बजे पहुंचकर 11.28 बजे प्रस्थान करेगी । 2.गाड़ी सं. 12392 नई दिल्ली-राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस आरा स्टेषन 06.03 बजे पहुंचकर 06.08 बजे प्रस्थान करेगी । 3.गाड़ी सं. 12142 पाटलीपुत्र-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस आरा स्टेषन 11.51 बजे पहुंचकर 11.56 बजे प्रस्थान करेगी । 4.गाड़ी सं. 12141 लोकमान्य तिलक-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस आरा स्टेषन 02.22 बजे पहुंचकर 02.27 बजे प्रस्थान करेगी ।

5.गाड़ी सं. 20801 इसलामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस आरा स्टेषन 18.24 बजे पहुंचकर 18.29 बजे प्रस्थान करेगी ।

6.गाड़ी सं. 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस आरा स्टेषन 11.29 बजे पहुंचकर 11.34 बजे प्रस्थान करेगी ।

7.गाड़ी सं. 12296 दानापुर-एस.एम.भी.बेंगलूरू संघमित्रा एक्सप्रेस आरा स्टेषन 20.42 बजे पहुंचकर 20.47 बजे प्रस्थान करेगी ।

8.गाड़ी सं. 12295 एस.एम.भी.बेंगलूरू-दानापुर संघमित्रा एक्सप्रेस आरा स्टेषन 06.24 बजे पहुंचकर 06.29 बजे प्रस्थान करेगी ।

इस कारण बिहिया स्टेषन पर निम्नलिखित दो ट्रेनों के ठहराव समय में परिवर्तन किया जा रहा है - 1.गाड़ी सं. 12391 राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस बिहिया स्टेषन 11.40 बजे पहुंचकर 11.42 बजे प्रस्थान करेगी ।

# रोटरी क्लब धनबाद कल्चरल सोसाइटी ने नेताजी को पुष्प अर्पण कर किया नमन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस 126 वीं जयंती के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब धनबाद कल्चरल सोसायटी, हाउसिंग कॉलोनी में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डॉक्टर यू. एस. प्रसाद, एसएम हाशमी, जुबेर आलम, अनिल शर्मा,बी.सी. ठाकुर, तारक नाथ दास, डॉ. महेश, वसीम हाशमी आदि ने उनकी चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया निःशुल्क कुश्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा आज जिला में डीएमएफटी मद से बालक व बालिका वर्ग के लिए कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीएस कॉलेज स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में जब मैं अपने पैतृक गांव में था तो वहां के लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखने जाया करते थे। वहां घर-घर के बच्चे कुश्ती के लिए इकट्ठा होते थे। उपायुक्त ने कहा कि जिला में आपलोगों के लिए इसे निःशुल्क रूप में शुरू कराया गया है। इसका प्रशिक्षण आप पूरे ध्यान से लें और इसमें बेहतर करने की सोचें। इसे आनेवाले समय में जारी रखना आपका काम है। अगर इसमें बेहतर करेंगे तो निश्चित रूप से ओलंपिक तक सफर तय करेंगे और वहां भी सफल होंगे। जो भी लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखना चाहते हैं वे यहां आएं और कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण लें। साथ ही, अपने उन दोस्तों को भी यहां लाएं जो कुश्ती का प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। आपको सिर्फ अपने घर से निकल कर यहां तक आना है, बाकी सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही हैं, वो भी पूरी तरह निःशुल्क। जिला प्रशासन की ओर से पूरी सुविधाएं आपको दी जाएंगी जो इसमें कॅरियर बनाना चाहते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप इस सुविधा का इस्तेमाल कर अपने जीवन में आगे बढ़ें। जहां भी रहें, आपस में मिलजुल कर रहें और युवा सद्भावना मंच के उद्देश्य को पूरा करें। आप सभी युवा सद्भावना मंच के ब्रांड एंबेसडर हैं। आज कुश्ती के प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ियों ने अपनी जज्बा का डेमो प्रदर्शित किया। आज इस मौके अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, अधिकारी कुश्ती के प्रशिक्षक महादेव उरांव समेत बड़ी संख्या में खेल-प्रेमी उपस्थित थे।

# नेताजी की प्रतिमा पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया माल्यार्पण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयन्ति पर आज जिला के पावरगंज चौक के पास अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर राम कुमारद्वारा माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जिले के अन्य पदाधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। माल्यार्पण के पश्चात उपायुक्त ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस में देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति और आजादी के लिए समर्पण की भावना थी। युवावों को नेता जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। उनके विचारों को आगे बढाना चाहिये। नेता जी के संघर्ष एवं बलिदान को यूं ही नहीं भुलाया जा सकता है। देश की आजादी में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

# डकैती काण्ड के फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर कैरो थाना पूलिस ने भेजा जेल



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत कैरो निवासी श्याम महली पिता खेदन महली को कैरो थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर आज 23 जनवरी सोमवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध मे कैरो थाना प्रभार शंखनाथ उराँव ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम कैरो निवासी श्याम महली पिता खेदन महली के बिरुद्ध डकैती काण्ड मे सन्लीसता को लेकर कुडु थाना काण्ड संख्या 82/97 भा0द0वि0 395 न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोहरदगा एसटी 228/2001 के तहत अभियुक्त की स्थाई वारंट निर्गत थी। लम्बे दिनो से वारंटी श्याम महली की तलाश पुलिस को थी,जो पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए कोलकाता भाग गया था। कैरो थाना पुलिस को महली की कैरो मे रहने की गुप्त सूचना मिली थी,कैरो थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔंध करमाली व थाना के सदल बल रविवार शाम संध्या गश्ती पर निकले थे और इसी क्रम में वारंटी महली को पुलिस ने घर से गिरफ़्तार करने मे पुलिस को सफलता प्राप्त हुई, गिरफ्तार वारंटी को कैरो थाना पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया है।

# भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नेताजी की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत के प्रथम स्व घोषित प्रधानमंत्री स्व नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती भाजपा नगर मण्डल ने धूमधाम से मनाया। नगर अध्यक्ष श्री अमरेश भारती के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्तओं ने सुभाष चौक, पावरगंज पहुंच कर सुभाष चंद्र जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि ऐसे महान स्वतन्त्रता सेनानी को कांग्रेसी सरकार ने लगभग भुला दिया था।किंतु अब इनका गौरव गाथा जन जन तक पहुंच गया है।देश की आजादी के लिए सुभाषचंद्र बोस ने अपना सबकुछ न्योक्षावर कर दिया,यहाँ तक कि अपना जीवन भी कुर्बान कर दिया।ऐसे महान वीर सपूत को शत शत नमन है। इन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूँगा। इससे स्पष्ट होता है कि ऐसे ही कुर्बानियों से देश को आजदी मिला है। इनका गौरव गाथा कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम को अजय पंकज, राजेश महतो, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी, संगीता कुमारी, संजय महतो, अनूप वर्मा, प्रदीप खत्री, ज्ञानेश गुप्ता, दीपक साहू, सौरभ केसरी, हरिओम प्रसाद, विकी कुमार, बिजय अग्रवाल आदि ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# खराब पड़ा जलमीनार गांव में बढ़ा रहा शोभा, ग्रामीण व बच्चों के बीच उत्पन्न हुई पेयजल की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु तेतर टोली में आंगनबाड़ी के समीप बना जलमीनार वर्षों से खराब हो कर गांव का शोभा बढ़ा रहा है। जलमीनार खराब सूचना के बाबजूद अधिकारी मौन हैं। उरु तेतर टोली ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के समीप वर्ष 2016-17 में जलमीनार का निर्माण कराया गया था। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हे मुन्हे बच्चों के साथ स्थानीय ग्रामीण लाभान्वित हो रहे थे। परंतु एक वर्ष पूर्व से खराब हो जाने के कारण आंगनबाड़ी के बच्चों और ग्रामीणों के बीच पेयजल की संकट बना हुआ है। वही जलमीनार खराब होने की सूचना पंचायत के जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों के द्वारा दिया गया। लेकिन पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों के बात पर अमल नही किया गया। वहीं इसकी शिकायत आंगनबाड़ी केंद्र संचालक सेविका धनी उराईन द्वारा विभाग को दएते हुए। पेयजल समस्या का निदान कराने के लिये अवगत कराते हुए मरमती करवाने का मांग किया गया था। उसके बाबजूद आज तक ग्रामीणों एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का पेयजल की समस्या का निदान करवाने के लिये विभाग चुपी साधे हुए है। जानकारी के अनुसार बता दें कि जलमीनार का स्थिति को देखते हुए उरु तेतर टोली में निर्मित जलमीनार गांव का शोभा बढ़ाने के लिये ही निर्माण कराया गया हो या सरकारी पैसे का बंदरबांट करने के उद्दयेश्य से किया गया था। उरु तेतरतोली ग्राम लगभग 65 - 70 घर का बस्ती है। बताया जाता है कि जलमीनार निर्माण कार्य पंचायत स्तर पर मुखिया के निगरानी में किया गया था। जबतक मुखिया का कार्यकाल रहा तब तक योजना भी सुचारू रूप से संचालित हुआ। वहीं पंचायत मुखिया का बदलाव होते ही पुराने योजना पर किसी भी संबंधित पदाधिकारी, मुखिया व जनप्रतिनिधि को जलमीनार बनवाने का ध्यान नही हो रहा है।

# अविराम में नेताजी की जयंती पर इंडक्शन कार्यक्रम समेत पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुडू, लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय के द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की पदाधिकारी कुंदन गिद्ध द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता स्वंतत्रता आंदोलन में नेता जी सुभाष चंद बोस की भूमिका जिसमे प्रशांत, श्रेया, अंबिका विजेता रहे। निबंध लेखन में अनुपा, नेहा, श्वेता, द्वारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा पर विजेता रहे। कविता लेखन में स्वतंत्रता की कीमत विषय पर जो, निकिता, अनिमा ने प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सत्र 2022 के प्रशिक्षुओं के लिए इस सुअवसर पर इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसके द्वारा कॉलेज, बीएड कोर्स और स्टाफ के विषय में जानकारी प्रदान की गई और नवागत प्रशिक्षुओ का स्वागत किया गया। अपने संदेश में सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा कहा गया की नेताजी ने विदेश से भी भारतीय आजादी के लिए जिस प्रकार से सहायता प्राप्त की वह उनकी देश के प्रति निष्ठा और दूरदर्शिता को दर्शाता है। युवाओं को नेता जी से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है तभी युवा संसाधन और शक्ति के रूप में विकसित हो सकेगा और पराक्रम दिवस का जो संकल्प है वह तभी पूर्ण होगा जब हम सभी नेता जी के दिखाए मार्ग बताई गई शिक्षाओ का अनुकरण करे। इस अवसर पर डॉ प्रतिमा, रेणुका, जंगबहादुर, आफताब, पंकज, ऋतु, बिनोद, मनु, ममता, शशि, चिनिबास, आदि उपस्थित थे और सभी ने पुष्पांजलि प्रदान की।

# नेताजी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे : शकील अहमद



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती एवं रांची के पूर्व सांसद छोटानागपुर के कद्दावर नेता स्वर्गीय श्री शिव प्रसाद साहू की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम दोनों महापुरुष के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर रहकर देश और कांग्रेस पार्टी का सेवा कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। हाजी शकील अहमद ने स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू को याद करते हुए कहां की स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू जीवन भर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने और क्षेत्र में पार्टी को स्थापित करने में सब कुछ न्योछावर कर दिया। वह एक अनुशासित नेता होने के साथ-साथ इस क्षेत्र में शिक्षा और खेल कूद के प्रचार-प्रसार को भी बढ़ावा दिया क्षेत्र में सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव के लिए हमेशा प्रयास करते रहे थे।

# नेताजी की जयंती पर आयोजित हुआ क्रिकेट मैच, लोहरदगा ने कुडू को 49 रनों से किया पराजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर आज युवा सद्भावना मंच द्वारा बीएस कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। मैच का उदघाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा किया गया। मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। इस मैच में लोहरदगा एकादश ने कुडू एकादश को 49 रनों से किया पराजित। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहरदगा एकादश ने 15 ओवरों में 112 रन बनाया। टीम को ओर से बल्लेबाजी में शिवा ने 45 और शमशाद ने 30 रन बनाये। कुडू एकादश की ओर से गेंदबाजी में आर्यन ने 3 और सुंदर ने 3 विकेट हासिल किये। जवाबी पारी में कुडू एकादश की टीम 15 ओवरों में मात्र 61 रन ही बना सकी। इसमें अनमोल के सर्वाधिक 10 रन शामिल हैं। गेंदबाजी में लोहरदगा एकादश की ओर से शिवा ने 4 और आकाश ने 2 विकेट हासिल किए। आज इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार कुमार लाल,सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद,जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा क्रिकेट प्रशिक्षक अमित कुमार व बड़ी संख्या में खेल-प्रेमी उपस्थित थे।

# आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी की भाजयुमो कैरो ने मनायी 126 वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुबाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती कैरो भारतीय जनता युवा मोर्चा कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष गोविंद महतो की अध्यक्षता मे कैरो प्रखंड के हनहट मे मनायी गई जयंती। वही सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर कैरो मे भी मनायी गयी जयंती। इस अवसर पर उपस्थित भाजयुमो कार्यकर्ताओ,व शिशु विद्या मदिर परिवार के लोगो ने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन करते हुए भाजयुमो कैरो प्रखंड अध्यक्ष गोविंद महतो ने कहा कि आज ही के दिन 23 जनवरी 1897 को नेताजी का जन्म उड़ीसा के कटक मे एक सम्पन्न बंगाली परिवार मे हूआ था। नेता जी शिक्षा के क्षेत्र मे हमेशा अव्वल रहे परिणाम स्वरुप वे इंग्लैंड से भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा मे 04 था स्थान प्राप्त किये। नेता जी ने शसक्त क्रान्ति के द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द फौज का गठन किया। वे 04 जुलाई 1944 को वर्मा पहुंचे और वही से एक नारा दिया कि तुम मुझे खुन दो, मै तुम्हे आजादी दूँगा। भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि नेता जी की जीवन से हम युवाओं को राष्ट्रहित मे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर भाजयुमो के मंत्री बबलू नाथ शाहदेव, बाबूलाल पहान,डा0 उज्जवल राय, जिहलु उराँव, संजय उराँव, राजा ठाकुर, जितवाहन महतो, सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर कैरो मे प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, आचार्य देवा उराँव, बिनोद गोप, गणेश कुमार, प्रभा देवी, रीता देवी इत्यादि उपस्थित थे।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी की जयंती, विद्यार्थियों ने किया दंड संचालन का प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा दंड संचालन करा कर पराक्रम दिवस का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रीति कुमारी गुप्ता ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। देश को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने अपने सिविल सर्विस की नौकरी छोड़ दी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों से सीखना चाहिए कि कैसे देश को आगे बढ़ा सकते हैं और भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, आरती भगत, स्नेहा शर्मा आदि उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी की मनाई गई जयंती



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। 23 जनवरी 1897 का दिन विश्व के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है इस दिन स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस जी का जन्म हुआ था। राष्ट्रप्रेम व निर्भयता नेता जी को अपने पिता से प्राप्त हुआ था उनके पिता ने भारतीयों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अंग्रेजों द्वारा दी गई रायबहादुर की उपाधि वापस लौटा दी थी। अपने पिता के राष्ट्रप्रेम से प्रभावित नेता जी ने एक बार युवाओं में प्राण फूंकने वाले अपने भाषण में कहा था कि अब हमारी आजादी निश्चित है किंतु आजादी बलिदान मांगती है।तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के गौरवपूर्ण जीवन व देश प्रेम से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ नेता जी की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। शिक्षक ए के राय तथा छात्र वैभव गुप्ता व अस्मिता गौतम के द्वारा नेताजी की जीवन यात्रा पर प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों के मध्य नेता जी के जीवन इतिहास से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें ऋग्वेद हाउस विजयी रहा तथा पूछे गए प्रश्नों में सबसे ज्यादा उत्तर देने वाली विद्यार्थी रिद्धिमा सिंह व रोशन कुमार को माननीय प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। माननीय प्राचार्य महोदय जी पी झा ने भारत मां के दुलारे सुभाष चंद्र बोस जी की जीवन यात्रा बच्चों के साथ साझा करते हुए उनकी राष्ट्रभक्ति व शौर्य के दीप बच्चों में प्रज्वलित करने का प्रयास किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आयोजित परीक्षा पर चर्चा से पूर्व लोहरदगा केंद्रीय विद्यालय में आर्ट व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा की नौवीं कक्षा की छात्रा आनंदी कुमारी ने अपना सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। छात्रा आनंदी कुमारी की इस उपलब्धि हेतु माननीय प्राचार्य महोदय के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उसे बधाई दी।

# गैर आवासीय साथिया प्रशिक्षण के प्रथम दिन लैंगिक समानता लाने हेतु किशोरों ने लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कैरो प्रखंड के कैरो पंचायत भवन में 21 जनवरी चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी, मुखिया बीरेन्द्र महली का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम, पियर एजुकेटर कि भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग,मानव तस्करी, बाल विवाह, इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर किशोरियों के लीडर है आप सभी किशोरियों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है इस चीज कि सुरुवात आपको अपने घर से करनी होगी तो उसे देख कर पुरे समाज में एक बदलाव आएगा और महिलाओ को भी आगे आने का मौका मिलेगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी के द्वारा सपथ लिया गया कि हम महिला पुरुष में समानता आये और बाल विवाह मुक्त गावं हो इसके लिए विशेष अभियान चलाएंगे। इस प्रशिक्षण में C3 इंडिया के पवन कुमार गुप्ता, नवल किशोर सिंह, मुबैद अख्तर और सहिया जयफलिता लकड़ा के साथ 9 सहिया एवं 45 साथिया मौजूद थे।

# गोंड आदिवासी महासभा के तत्वावधान में हुआ बैठक सह वन भोज कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के लोमबोई बाड़ी सेमर नदी तट पर पूर्वी मंडल गोंड आदिवासी महासभा के तत्वावधान में बैठक सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के अध्यक्ष बुद्धदेव प्रधान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजबल गंगेश्वर उपस्थित थे इस दौरान मुख्य अतिथियों का स्वागत समाज के छोटे छोटे बच्चे बच्चियों द्वारा माल्यार्पण एवं स्वागत कर किया गया, इस दौरान मुख्य अतिथि अध्यक्ष बुद्धदेव प्रधान ने कहा कि समाज के लोग आपस में एकजुटता कायम रखे एवं अपने धर्म, संस्कृति को कायम रखे उन्होंने कहा कि समाज के लोग बच्चें बच्चियों को शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करें उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त नशापान को दूर करने का संकल्प लेने की जरूरत है नशापान के कारण ही समाज का विकास नहीं हो पा रहा है उन्होंने कहा कि समाज के लोग शराब से दूर रहने का प्रयाश करे अन्यथा समाज में यही दिशा एवं दशा बरकार रहेगी सम्बोधन पश्चात समाज के बच्चें बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, इस बीच समाज के विभिन्न बच्चों के बीच विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने परिवार पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया तत्पश्चात वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान समाज के मेघनाथ नागेश्वर, बुधलाल बेसरा, घुरण मांझी, रमेश मांझी, दिनेश मांझी, राजु कछुआ, दिलीप प्रधान, पंचेस बेसरा, श्रवण साय, सुरेश कछप, शिबो कछप, सुरेंद्र मांझी, भुखन मांझी, किशुन गंगेश्वर सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### लखन का चयन ओपन मुंबई चैम्पीयन्शिप 2023 हुआ

**रांची।** झारखंड में आयोजित मुंबई ओपन एम.एम.ए अमेचर चैम्पीयन्शिप का ट्रायल सिलेक्शन शान ए पंजाब होटेल धनबाद में संपन्न किया गया द्य इस सिलेक्शन में राज्य के विभिन्न ज़िलों से 45 फ़ाइटर भाग लिए जिसने राँची से लखन उराँव का चयन 3-3 मिनटों के फ़ाइट के माध्यम से किया गया द्य 25 मार्च मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी निशुल्क भाग लेंगे क्यूँकि इनका स्पान्सर्शिप एम.एम.ए प्रो लीग़ द्वारा किया जाएगा द्य इस मौक़े पर लखन उराँव के कोच सिफु बिस्वजीत कर्माकर जीत कुने डो मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष गुलाम अब्दुल क़ादिर तथा विभिन्न खेलो के पदाधिकारी निमित सहानी, हार्दिक कुमार आदि द्वारा शुभकामनाएँ दी गई।

### देश के अमूल्य धरोहर थे सुभाष चंद्र बोस : आदर्श



**मेदिनीनगर** : सोमवार को संत मरियम स्कूल के नावाहाता प्रांगण में सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम स्कूल के प्राचार्य व उप प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा देश भक्त गीत प्रस्तुत कर नेता जी को समर्पित किया गया। मौके पर प्राचार्य आदर्श कुमार ने कहा कि देश की स्वतंत्रता दिलाने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अहम योगदान था। अपने कुशाग्र बुद्धि, दूरदर्शी सोच और बेहतर रणनीतिकार होने के कारण इन्होने आजाद हिंद फौज का गठन करके एक मिशाल कायम किया। हम सभी को इनके त्याग,कर्तव्यनिष्ठा व देश के प्रति समर्पण से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त मौके पर स्कूल के विभिन्न छात्र छात्राओं ने शानदार भाषण प्रस्तुत किया।

### राजद ने पराक्रम दिवस के रूप में मनायी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**रांची** : प्रदेश राजद कार्यालय में मानवता, समता और न्याय के अग्रदूत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। राजद नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। नेताओं ने कहा कि आज हम लोग महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें याद कर रहे हैं। सुभाष चन्द्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे अग्रदूत थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से देश के लाखों युवाओं को आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उनका नारा था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इनके नारे ने आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने का काम किया।

# डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल डीपीएस सुदना के बच्चों ने ओलंपियाड में किया इंटरनेशनल टॉप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल डीपीएस सुदना के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इंटरनेशनल स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराया है। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड एवं नेशनल साइंस ओलंपियाड की परीक्षा में डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल के छात्रों ने इंटरनेशनल लेवल पर टॉप किया है। साथ ही उक्त परीक्षा में इस विद्यालय के कई अन्य बच्चों ने भी टॉप 10 और टॉप 100 में स्थान प्राप्त किया है। इन्हीं बच्चों की सफलता के उपलक्ष में सोमवार को डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल डीपीएस सुदना के प्रशाल में एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2023 समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा काउंसिल के मेंबर रविंद्र नाथ तिवारी और राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। साथ ही विद्यालय के संरक्षक डॉ. श्वेता कुमारी और चेयरमैन इंजीनियर विनय कुमार मेहता, प्राचार्य क्षितिज कुमार, डॉक्टर सीताराम चौधरी पूर्व सिविल सर्जन पूर्णिया, अवकाश प्राप्त शिक्षिका शीला चौधरी, शिक्षक नेता अमरेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुमारी आकृति और मणिस्विनी ने किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने गीत और संगीत का प्रोग्राम कर समा बांध दिया। कार्यक्रम के अतिथि रविंद्र नाथ तिवारी ने डेडिकेटेड प्रीमीयर स्कूल और डेडीकेटेड एकेडमी की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान सिर्फ टॉपर पैदा करता है।

## एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2023 समारोह का हुआ आयोजन

### नेशनल साइंस ओलंपियाड में स्मित सम्राट ने प्राप्त किया इंटरनेशनल रैंक वन, किया गया सम्मानित

नेशनल साइंस ओलंपियाड की परीक्षा में डेडिकेटेड प्रीमीयर स्कूल डीपीएस सुदना के क्लास 6 के छात्र स्मिथ सम्राट ने इंटरनेशनल लेवल पर पहला स्थान प्राप्त कर पलामू और झारखंड का ही नहीं बल्कि देश का नाम रोशन किया है। गणित विषय में भी इंटरनेशनल स्तर पर स्मित ने 63 वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह क्लास 1 का का छात्र दिव्यांशु दिव्य ने गणित में इंटरनेशनल स्तर पर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। क्लास 3 की छात्रा श्रेया निधि ने 53 वां रैंक प्राप्त किया है। इसके साथ ही अनन्या कुमारी तोया जयसवाल, प्रतीक कुमार और नमय कुमार ने भी जोनल स्तर पर ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया है। बता दें कि स्मिथ सम्राट ने पूर्व के भी नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के कई ओलंपियाड में टॉप लेवल पर अपना स्थान बना चुका है।



### मिशन टॉपर, मिशन रैंकर व मिशन एचीवर बनाना डेडीकेटेड का मुख्य लक्ष्य

डेडीकेटेड अपने बच्चों को 3 तरह की शिक्षा देता है। मिशन टॉपर के तहत यहां के बच्चे 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में राज्य और जिला स्तर पर टॉप करते हैं। साथ ही बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने तक प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी साथ-साथ करा दी जाती है। मिशन रैंकर के तहत 12वीं के बाद उन्हें आईआईटी, नीट व एनडीए की तैयारी विशेष रूप से कराई जाती है। ताकि वे देश स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का परचम लहरा सकें। यहां छात्र-छात्राओं का इंटरनेशनल लेवल की अंग्रेजी की शिक्षा दी जाती है। अंग्रेजी के साथ-साथ रीजनल भाषा के तहत हिंदी पर विशेष ध्यान दिया जाता है। साथ ही हमारी संस्कृति का रक्षक और देव भाषा संस्कृत पर भी विशेष फोकस किया जाता है। ऐसा इसलिए कि यहां के बच्चे अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी और संस्कृत बोलने और लिखने में भी पूरी तरह से दक्ष रहें। शिक्षा के विकास के साथ-साथ संस्कार को बनाए रखने के लिए मिशन एचीवर के तहत बच्चों को एक अच्छे नागरिक बनने के गुण सिखाए जाते हैं। उनमें व्यक्तित्व विकास की क्षमता विकसित की जाती है। साथ ही शारीरिक और मानसिक रूप से उनमें फिट रहने के गुणों का विकास किया जाता है। ताकि वह देश के एक सभ्य नागरिक भी बन सकें।

### स्कूल की सफलता का मंत्र - टू लेवल टीचिंग सिस्टम

डेडिकेटेड प्रीमीयर स्कूल यानी डीपीएस सूदना की सफलता का राज टू लेवल टीचिंग सिस्टम है। यहां पहले लेवल पर एकेडमिक की पढ़ाई कराई जाती है। यानी बच्चों को क्लास के अनुसार सिलेबस पूरा कराया जाता है। पूरे क्लास का सीबीएसई सिलेबस एक बार नहीं बल्कि कई बार पूरा कराया जाता है। सभी सब्जेक्ट का घुंटी बच्चों को पिलाई जाता है। दूसरे लेवल पर बच्चों को सिलेबस के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। यह क्रम हर दिन चलता है। यानी क्लास के सिलेबस के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा के गुर बच्चे को बताए जाते हैं। प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अलग से किताबें पढ़ाई जाती है। यहां के बच्चे को क्लास 1 से लेकर क्लास 9 तक की पढ़ाई इसी तरह कराई जाती है। यही कारण है कि डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल अल्प समय में ही अपना एक अलग पहचान बनाने में सफल रहा है। स्कूल के शुरुआती दिनों से ही मिशन रैंकर के तहत इस तरह बच्चों को तराशा जाता है कि 10वीं 12वीं बोर्ड पास करने के बाद वे नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के प्रतियोगिता परीक्षा में बेहतर रैंक हासिल कर सकें।

### देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी जम्मू कश्मीर में : राहुल

**जम्मू** : भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू के सतवारी में एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी जम्मू कश्मीर में है। युवा पढ़ाई करने के बाद भी बेरोजगार हैं। राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह देश के युवाओं के साथ खिलवाड़ है। देश को रोजगार सिर्फ छोटे व्यापारी और लघु और मध्यम व्यवसाय ही दे सकते हैं, न कि देश के दो- तीन बड़े उद्योगपति। भारत सरकार की इन्हीं नीतियों के चलते ही भारत में बेरोजगारी फैल रही है। भारत का पूरे का पूरा धन कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों की जेब में जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है। पूरा कारोबार देश के कुछ उद्योगपति चला रहे हैं। नोटबंदी से कोई फायदा तो नहीं हुआ बल्कि इससे छोटे कारोबारियों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडितों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। वह भीख नहीं अपना हक मांग रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का भी आरोप लगाया। विजयपुर से शुरू हुई यात्रा के दौरान राहुल गांधी रास्ते में जमीदारा ढाबे पर कश्मीरी पंडितों के शिष्टमंडल से मिले। उन्होंने कश्मीरी पंडितों की समस्याओं और अन्य चीजों के बारे में जानकारी ली। राहुल गांधी से मिलने के लिए कश्मीर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। राहुल गांधी रात को जम्मू शहर के सिदड़ा इलाके में बने स्पोर्ट स्टेडियम में रूकेंगे। पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद हैं। बताया गया कि यात्रा के तय कार्यक्रम अनुसार 24 जनवरी की सुबह 8 बजे यात्रा नगरोटा चेकपोस्ट से शुरू होगी और पुराने रूट से होती हुई आर्मी गेट रेंबल उधमपुर तक जाएगी।

